दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



भारतीय प्रिंट का जलवा.... प्लस साइज लड़कियों के लिए बेस्ट आउटफिट

वर्ष : 12 | अंक : 209 | लखनऊ, 23 जुलाई, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### बिहारः शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू

धमदाहा (पूर्णिया)। शिक्षा विभाग के नए निर्देश के बाद पूर्णिया जिले के सरकारी विद्यालयों



में अब शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों को अनिवार्य रूप से फॉर्मल ड्रेस में ही विद्यालय आना होगा। शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश जारी कर कहा है कि निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाए। सरकारी विद्यालयों में इस आदेश के अनुपालन की निगरानी करेगा। शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 9 अक्टूबर 2024 को जारी निर्देशों का कई विद्यालयों में प्रभावी ढंग से पालन नहीं हो रहा था।

### झारखंड में जेपीएससी की परीक्षा स्थगित

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग ने 25 जुलाई से शुरू होने वाली 14वीं संयुक्त असैनिक सेवा मुख्य



परीक्षा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। आयोग ने इस फैसले के पीछे विशेष कारण बताए हैं। यह फैसला ऐसे समय आया है 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में कथित सीआईडी कर रही है परीक्षा स्थगित होने के बाद बीजेपी ने हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा हमला बोला है और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग तेज कर दी है।

## कांग्रेस-सपा पर झूठा नैरेटिव फैलाने का आरोप, कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान

# बूथ ही चुनाव का असली कुरुक्षेत्र, 2027 में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी : सीएम योगी

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,

> सीएम योगी ने कहा मजबूत बूथ ही जीत की गारंटी है

> भाजपा सत्य, विकास और लोककल्याण के मार्ग पर चलने वाली पार्टी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित गोरखपुर शहर एवं ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। गोरखपुर शहर के 457 और ग्रामीण क्षेत्र के 435, कुल 892 बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव की असली लड़ाई बूथ पर लड़ी जाती है और मजबूत बूथ ही जीत की गारंटी है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि दोनों दल देश और प्रदेश में झूठा नैरेटिव गढ़कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का तरीका एक झूठ को बार-बार बोलकर उसे सच साबित करने का है, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्य, विकास और लोककल्याण के मार्ग पर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से विपक्ष के कथित दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब देने और जनता के बीच लगातार संवाद बनाए रखने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री योगी ने कहा-विपक्ष ने हमेशा समाज को जाति और वर्ग के आधार पर बांटने की राजनीति की



मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में नौकरी, सरकारी योजनाओ और व्यवस्था पर ‘सैफई सिंडिकेट’ का कब्जा था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पारदर्शी भर्ती व्यवस्था लागू कर भ्रष्टाचार और पक्षपात पर रोक लगाई है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महापुरुषों को सम्मान देने का कार्य किया, जबकि विपक्ष ने हमेशा समाज को जाति और वर्ग के आधार पर बांटने की राजनीति की।

### मजबूती के बल पर 2027 में भाजपा यूपी में तीसरी बार सरकार बनाएगी

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रत्येक घर तक पहुंचाना बूथ अध्यक्षों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘मेरा बूथ, सबसे मजबूत’ मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि बूथ ही चुनाव का असली कुरुक्षेत्र है और जो बूथ जीतता है, वही चुनाव जीतता है। उन्होंने विश्वास जताया कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के बल पर वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी।



## समीक्षा में सीएम योगी ने दी चेतावनी

# करें सभी इंतजाम, जलभराव की समस्या बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री



अमन लेखनी समाचार/ लखनऊ,

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को चेतावनी है कि महानगर में किसी भी दशा में जलभराव की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाले, नालियों की बड़े पैमाने पर सफाई कराने और बारिश होने पर अधिकाधिक पंपों का संचालन सुनिश्चित करते हुए ध्यान रखा जाए कि कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीएम योगी बुधवार दोपहर एनेक्सी भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकास कार्यों, बाढ़ बचाव और जलनिकासी की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उनका सर्वाधिक जोर जलनिकासी को लेकर रहा। उन्होंने दो टूक कहा-‘जो भी जरूरी तैयारी या व्यवस्थाएं करनी हैं, उन्हें सुनिश्चित किया जाए, कहीं भी और किसी भी दशा में जलभराव नहीं दिखना चाहिए।’ मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नाले, नालियों की नियमित सफाई कराकर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोका जाए ताकि इससे नाले चोक न होने पाएं। मुख्यमंत्री ने समझाया कि हमें मौसम के प्रभाव के अनुसार खुद को तैयार रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाला निर्माण और मरम्मत के प्रस्ताव समय से लेकर समयबद्ध तरीके से काम पूरा किया जाए। सभी अधिकारी, कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और कहीं भी नकारात्मक वातावरण न बनने दें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानगर के राप्ती कॉम्प्लेक्स, गोरक्ष एंक्लेव, विजय चौराहा तथा धर्मशाला आदि पर हुए जलभराव की जानकारी ली और कहा कि नालों की नियमित रूप से सफाई के बाद उन्हें ढका जाए।

नगर निगम के सभी पंप पूरी क्षमता से संचालित किए जाएं। उन्होने कहा कि इन व्यवस्थाओं के साथ ही लोगों को प्रेरित किया जाए कि वह कूड़ा नालियों में न डालें। स्वच्छता के लिए कार्यक्रम चलाया जाए, साथ ही नियमित छिड़काव एवं फागिंग कराई जाए। सीएम ने कहा कि स्वच्छता के कार्यक्रम में अधिकाधिक जनसहभगिता भी सुनिश्चित होनी चाहिए। टीम बना कर हर वार्ड, मलिन बस्तियों, खाली प्लाटों की सफाई कराई जाए और कूड़ा निस्तारण सही से किया जाए।

## नीट विवाद पर संसद में बड़ी तकरार, सत्तापक्ष और विपक्ष की ओर से चले ‘शब्दबाण’


# भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर की बड़ी टिप्पणी, गिरिराज बोले उनके दिल भी कपड़ों की तरह काले हैं, सरकार चर्चा को तैयार और वे भाग रहे

### विपक्ष संसद की कार्यवाही कर रहा बाधित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नीट यूजी पेपर लीक मामले पर विपक्ष के लगातार हंगामे और काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा ने बुधवार को विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि उनके दिल भी उनके कपड़ों की तरह काले हैं। सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार होने के बावजूद विपक्ष संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। गिरिराज ने कहा कि विपक्ष जानबूझकर बहस से बच रहा है और छात्रों की समस्याओं का



राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष और कांग्रेस संसद को चलने नहीं देना चाहते। सरकार ने चर्चा का प्रस्ताव दिया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उनके दिल भी उतने ही काले हैं जितने उनके कपड़े।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का विपक्ष पर हमला

## छात्रों को राजनीतिक हथियार बनाया जा रहा, संसद में करें चर्चा

संसद के मानसून सत्र के दौरान युवाओं और छात्रों के मुद्दे पर जारी सियासी घमासान के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है।

सिंह ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग देश के छात्रों और युवाओं का इस्तेमाल अपने राजनीतिक हथियार के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने इसे छात्रों को भटकाने का एक विफल प्रयास करार दिया। सिंह ने विश्वास जताया कि भारत का समझदार युवा इन सभी कोशिशों को



अच्छी तरह समझता है और वह विकास तथा राष्ट्र निर्माण का रास्ता ही चुनेगा। सिंह ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। विपक्ष संसद के बजाय सड़कों पर समाधान ढूंढने का अनुचित प्रयास कर रहा है। विपक्ष वास्तव में गंभीर है, तो सदन के भीतर मुद्दों पर चर्चा करे।

### युवाओं के कल्याण और न्याय के लिए प्रतिबद्ध

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार छात्रों और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार युवाओं के प्रति संवेदनशील है और यह सुनिश्चित करेगी कि किसी के साथ, खासकर छात्रों के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ नेता जनता के बीच बनावटी गुस्सा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में फिर दोहराया कि सरकार मामले पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन बहस का प्रारूप और



समय सभी दलों के साथ चर्चा के बाद तय होगा। विवाद को लेकर संसद के मानसून सत्र में तनाव जारी है। सरकार चर्चा का प्रस्ताव दे रही है, जबकि विपक्ष इस्तीफे के बिना चर्चा से इनकार कर रहा है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि संसद को राजनीतिक टकराव के बजाय राष्ट्रीय मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा का मंच बनना चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर सत्ता की भूख और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए संसद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि पेपर लीक किसी भी हाल में समर्थनीय नहीं है और सरकार ने इसकी गहन जांच शुरू कर दी है। उन्होंने प्रधान के इस्तीफे को समाधान नहीं बताया।

### राजनीतिक हलकों में बढ़ी चर्चा

## संसद में पीएम मोदी से मिले शरद और सुप्रिया

संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को एनसीपी (एससी) के प्रमुख शरद पवार और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से



संसद परिसर में मुलाकात की। इस मुलाकात को मौजूदा राजनीतिक हालात और छात्रों के मुद्दों के संदर्भ में अहम माना जा रहा है। इससे पहले शरद पवार और सुप्रिया सुले मंगलवार को जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। शरद ने केंद्र सरकार से अपील की कि वह छात्रों और नागरिकों की मांगों को संवेदनशीलता के साथ सुने। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को अधिकार देता है और सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है।

### दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों से अब सख्ती से निपटेगी सरकार

## एयरलिफ्ट की गई सीआरपीएफ और आरएएफ की 24 कंपनियां

दिल्ली में विभिन्न राजनीतिक दलों के विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सीआरपीएफ और आरएएफ की अतिरिक्त 24 कंपनियों को तैनात किया गया है। ये कंपनियां दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालेंगी। सरकार ने साफ कर दिया है कि अब विरोध प्रदर्शन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। कानून व्यवस्था के चलते नई दिल्ली में बुधवार को 16 मेट्रो स्टेशन भी अस्थायी तौर से बंद कर दिए गए हैं।


# क्या बेटियों के कपड़े फाड़ेंगे आप? उनकी आवाज सुनें

### स्पीकर बिरला पर फट पड़े अखिलेश यादव

जंतर मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन और संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस ने जो लाठीचार्ज किया उसके बाद से सियासत शुरू हो गई है। संसद में इस पर बहस के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा स्पीकर ओम बिरला र फट पड़े। यादव ने कहा कि अगर पेपर लीक और छात्रों की आवाज और उनके मुद्दों पर सरकार ने संसद में बहस की होती तो ये नौबत नहीं आती। जिसके बाद अखिलेश ने पुलिस लाठीचार्ज का हवाला देते हुए कहा कि क्या अपने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर आप लाठी चलाएंगे, उनके सिर फोड़ेंने और क्या बेटियों के कपड़े फांड़ेंगे?

### अखिलेश और केसी वेणुगोपाल में झड़प





### भाजपा ने क्या कांग्रेस से समझौता कर लिया?

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन की आग पटना समेत देश को दूसरे हिस्से में पहुंच चुकी है तो इधर जंतर मंतर पर छात्र डटे हुए हैं। छात्रों के नाम पर विपक्ष जमकर सियासत कर रहा है। हालांकि धर्मेंद्र प्रधान पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की लाइन अलग-अलग है। कांग्रेस जहां शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर अड़ी है तो वहीं अखिलेश यादव के रुख नर्म है। अखिलेश सदन में नीट पर चर्चा चाहते हैं। अखिलेश अपनी बात कहना चाह रहे थे लेकिन स्पीकर ने कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल को बोलने के लिए कहा। फिर रिजिजू बोलने लगे। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला के सामने आपत्ति जताते हुए अखिलेश ने कहा कि आपने भाजपा-कांग्रेस को बोलने का मौका दिया, क्या आपने इनसे समझौता कर लिया।

## कल्याण पूरे मानसून सत्र के लिए लोकसभा से निलंबित



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कल्याण बेनर्जी को पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्हें असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए निलंबित किया गया। मानसून सत्र का लगातार तीसरा दिन भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई।

### रेल मंत्री वैष्णव बोले

## 99.6% ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क विद्युतीकृत, भारत में दुनिया में सबसे बड़ा नेटवर्क बना



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकृत रेलवे नेटवर्क वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के ब्रॉड गेज रेल नेटवर्क का 99.6 प्रतिशत हिस्सा विद्युतीकृत हो चुका है। इस मामले में भारत केवल स्विट्जरलैंड (100 प्रतिशत) से थोड़ा पीछे है, हालांकि स्विट्जरलैंड का रेलवे नेटवर्क भारत की तुलना में काफी छोटा है। रेल मंत्री ने लिखित उत्तर में बताया कि रेलवे विद्युतीकरण के मामले में भारत- चीन (82 प्रतिशत), स्पेन (67 प्रतिशत), जापान (64 प्रतिशत), फ्रांस (60 प्रतिशत) और यूनाइटेड किंगडम (39 प्रतिशत) जैसे देशों से आगे निकल चुका है।

### ई- 20 पेट्रोल पर केंद्र की सफाई

## पुराने वाहनों में माइलेज थोड़ा घट सकता है, इंजन को नुकसान नहीं

ई20 पेट्रोल को लेकर चले तमाम तरह के अफवाहों पर विराम लगाते हुए केंद्र सरकार ने स्थिति साफ किया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि ई20 पेट्रोल (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) के इस्तेमाल से ई10 पेट्रोल के लिए डिजाइन किए गए कुछ पुराने वाहनों में ईंधन दक्षता (माइलेज) में मामूली कमी आ सकती है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने यह बात कही।

## चोरों ने अंग्रेजी शराब की दुकान का ताला तोड़कर नगदी और अंग्रेजी शराब किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में चोरों ने सोमवार रात एक अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी और काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब चोरी कर ली जानकारी होने के बाद दुकान के सेल्समैन ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरदोई जिले के माधोगंज थाना क्षेत्र स्थित तकिया धरमपुर निवासी विनय पुत्र अनिल जायसवाल के मुताबिक वह बंथरा के हरौनी स्थित अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान पर सेल्समैन है। विनय का कहना है कि सोमवार रात करीब 12 बजे खाना खाने के बाद जब वह दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखे लगभग 60 हजार रुपये, 100 पाइपर ब्रांड के 24 पाउआ और एक मोबाइल फोन गायब मिला। यह देख उसके होश उड़ गए और विनय ने आनन-फानन घटना की सूचना बंथरा पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों की तलाश में जुटी है।

# बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार





सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने बीते दिनों बंद मकान का ताला तोड़कर हुई लाखों की चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का सामान और नकदी बरामद की है, जबकि उसका एक साथी अभी फरार है। गौरतलब है कि बिजनौर के ओमैक्स सिटी निवासी सीमेंट कंपनी में काम करने वाले अविरल सिंह की पत्नी गर्विता सिंह ने 19 जुलाई को बिजनौर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि शनिवार रात उनके घर में ताला बंद था और वह परिवार सहित हजरतगंज वाले घर में थी। तभी घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए मोबाइल पर मैसेज मिलने के बाद घर में चोरी होने की जानकारी हुई। वहां पहुंचकर देखा गया तो घर के ताले टूटे होने के साथ कमरों और अलमारी के भी ताले टूटे मिले। साथ ही अंदर रखे लाखों रुपए कीमत के गहने, 50 हजार रुपये की नगदी और दो कीमती घड़ी व सामान गायब मिला। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दो पुलिस टीमों का गठन कर जांच के दौरान 40 से 50 सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। साथ ही घटना के खुलासे के लिए मुखबिर को भी लगाया गया। जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर बुधवार को औरंगाबाद अंडरपास से न्यू गुड़ौरा जाने वाली शहीद पथ की सर्विस रोड से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उसने पूछताछ में अपना नाम विभूति खंड थाना क्षेत्र के कठौता निवासी सुनील बताया। पूछताछ में उसने बताया कि अपने साथी शंकर के साथ मिलकर तीन दिन पहले बंद पड़े मकान की रेकी करने के बाद रात में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बाद में चोरी का सामान दोनों ने आपस में बांट लिया और वह अपने हिस्से का सामान बेचने की फिराक में था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से रागा टाइटन कंपनी की एक लेडीज घड़ी, 3,036 रुपये नकद और पांच भारतीय व विदेशी सिक्के बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी गाजीपुर थाने से चोरी के कई मामलों में जेल जा चुका है फिलहाल गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। जबकि फरार आरोपी शंकर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## चाचा ने दो नाबालिगों से किया दुष्कर्म, दो पर मुकदमा दर्ज

### तीन वर्षों तक नशीली गोलियां खिलाकर यौन शोषण करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। दो नाबालिग बहनों ने कलयुगी अपने सगे चाचा पर लंबे समय तक दुष्कर्म करने और पिता पर आरोपी का साथ देने का आरोप लगाया है। पीड़ित बच्चियों की मां की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित बच्चियों की मां ने तहरीर देकर बताया कि वह लखनऊ में निजी नौकरी करती हैं। उनकी 12 और 14 वर्षीय बेटियां घर के निकट स्थित एक स्कूल में क्रमशः कक्षा छह और कक्षा नौ की छात्राएं हैं। आरोप है कि बच्चियों का सगा चाचा पिछले करीब तीन वर्षों से उनके खाने में नशीली गोलियां डालकर पिछले तीन वर्षों से दुष्कर्म कर रहा है। पिछले माह की 9 जून को बड़ी बेटी से दुष्कर्म किया था। उस बात की जानकारी पिता को दी तो उन्होंने उल्टा- उन्हीं को डांट दिया और डर की वजह से चुप हो गई। आरोपी की हरकतों से तंग आकर उन्होंने मां से पूरी बात बताई। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मां की तहरीर पर दुष्कर्म पास्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की जांच की जा रही है।

## वादकारी व दिल्ली के वकीलों से मारपीट मामले में हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 21 जुलाई को लखनऊ जिला अदालत परिसर में एक वादकारी और दिल्ली से आए उसके अधिवक्ताओं के साथ कथित मारपीट के मामले में अंतरिम आदेश सुरक्षित कर लिया है। साथ ही न्यायालय ने इस प्रकरण को स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका (पीआईएल) के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित करने से पहले जिला जज, लखनऊ और पुलिस आयुक्त की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया। अदालत ने जिला अदालत की आठवीं मंजिल पर हुई घटना की सीसीटीवी फुटेज भी देखी।

## तीन घंटे कई इन इलाकों में गुल रहेगी आज बिजली



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। 33/11 केवी उपकेंद्र अंबेडकर यूनिवर्सिटी में प्रस्तावित तकनीकी कार्य के चलते गुरुवार को दोपहर यानी कि आज 12 बजे से तीन बजे तक कई इलाकों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने इसकी पूर्व सूचना जारी करते हुए उपभोक्ताओं से आवश्यक तैयारी करने और सहयोग की अपील की है। बिजली विभाग के अनुसार उपकेंद्र के यार्ड में स्थापित 5 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर को बाहर कर तकनीकी कार्य किया जाएगा। इस दौरान पावर ट्रांसफॉर्मर नंबर-1 व 3 से जुड़े 11 केवी फीडरों से आपूर्ति होने वाले क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार पूर्ण अथवा आंशिक रूप से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली कटौती से साउथ सिटी, मिलेनियम न्यू व ओल्ड, आवास विकास ओल्ड, राजवंश अपार्टमेंट, रमाबाई रैली स्थल, उथरेरिया ओल्ड, पुलिस लाइन और अहाना एनक्लेव सहित कल्ली पश्चिम, कल्ली पूर्व, जगत खेड़ा, हरिकंशगढ़ी, टिकरा, साउथ सिटी के सी, डी, ई, एफ, जी, एच व जे ब्लॉक, पुष्पेंद्र नगर, दुगार्पुरी, न्यू डिफेंस कॉलोनी और बाबू खेड़ा के उपभोक्ता प्रभावित हो सकते हैं। अधिशासी अभियंता (तकनीकी-33 केवी), वृंदावन ने बताया कि निर्धारित समय में तकनीकी कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# जनसेवा केंद्र से चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, 34 हजार रुपये बरामद

### सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान, पूछताछ में कबूली वारदात

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जनसेवा केंद्र से नकदी चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से कुल 34,200 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। माल थाना क्षेत्र के मसीढ़ा रतन गांव निवासी अंश पुष्कर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 13 जुलाई की दोपहर उनके गांव स्थित जनसेवा केंद्र की दुकान में रखे रैक से 22 हजार रुपये चोरी हो गए थे। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। फुटेज की जांच में हरदोई जिले के अतरौली थाना क्षेत्र के महीठा निवासी हिमांशु चोरी करते हुए दिखाई दिया। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि 10 जुलाई को नारायणपुर निवासी ओमप्रकाश की दुकान से हुई 50 हजार रुपये की चोरी में भी इसी आरोपी पर संदेह जताया गया था। उस घटना में आरोपी के यूपी-32 एनडी-3438 नंबर की मोटरसाइकिल से आने की बात सामने आई थी। बुधवार को पीड़ित और ग्रामीणों ने आरोपी को माल कस्बे स्थित शीतला माता मंदिर के पास मोटरसाइकिल समेत पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी की घटना स्वीकार कर ली। पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 4,600 रुपये बरामद हुए। इसके बाद उसकी निशानदेही पर घर से 29,600 रुपये और बरामद किए गए। पुलिस ने कुल 34,200 रुपये बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की।


आरोपी हिमांशु – फोटो

माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## कांग्रेसियों के साथ सीएम आवास घेरने जा रहे अजय राय हिरासत में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास के बाहर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए जा रहे थे, जिन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया और इको गार्डेन ले जाया गया। फिलहाल हिरासत में लिये गये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित सभी कांग्रेसियों को देर शाम रिहा किया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा 12 वर्ष से सत्ता में है फिर भी वह विपक्ष के रूप में बर्ताव कर रही है और कांग्रेस मुख्यालय पर अलोकतांत्रिक तरीके से घेराव की कोशिश करती है। उन्होने कहा कि आज जब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय आने की सूचना मिली, कांग्रेसी गांधीवादी तरीके से कार्यालय में उन लोगों का इंतजार करने लगे किन्तु वह लोग नहीं आये। इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मोदी-योगी सरकार के तानाशाही रवैये, नीट पेपर लीक सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की जांच कराये जाने और धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेसी मुख्यमंत्री आवास जा रहे थे जिन्हें भारी पुलिस बल द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर रोका गया और हिरासत में लेकर बसों में भरकर इको गार्डेन ले जाया गया। अजय राय ने ने कहा कि जिस प्रकार श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान चोरी, चढ़ावा चोरी के प्रकरण में भाजपा और आरएसएस के लोगों की संलिप्तता उजागर हुई है, देश भर के युवाओं, छात्रों में जिस तरह रोष व्याप्त है इससे भाजपा डर गयी है। हम राहुल के सिपाही हैं, डरने वाले नहीं हैं, जब तक छात्रों, युवाओं को न्याय नहीं मिलता और चंदा चोरों, चढ़ावा चोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं होती तब तक कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। इस आंदोलन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, सलमान कादिर सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

# छात्रों के न्याय के लिए जारी रहेगी जंग : अखिलेश

### सपा अध्यक्ष ने संसद में की मीडिया से बात, सरकार पर बरसे

अमन लेखनी समाचार




**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने पेपर लीक, छात्रों के उत्पीड़न और दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ बुधवार को सपा और विपक्षी दलों के सांसदों के साथ संसद के मकर द्वार पर विरोध-प्रदर्शन किया।

संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि छात्रों के न्याय के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि छात्र-नौजवान और उनके परिवार के लोग पेपर लीक और सरकार के अहंकारी रवैये के खिलाफ है। छात्र शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे है। आखिर क्या दबाव है कि सरकार मंत्री को नहीं हटा पा रही है। क्या मंत्री के पास सरकार का कोई राज छिपा है जो इस्तीफे के बाद सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में छात्रों को न्याय नहीं मिला। न्याय और मांगों को लेकर आए छात्र-नौजवानों को सरकार के इशारे पर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक मारा। लाठीचार्ज किया। छात्रों के सिर, फूटे, हड्डियां टूटी, बच्चियों के कपड़े फाड़े गये। भाजपा सरकार अहंकार में है। छात्रों से कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में देश में अब तक 150 से ज्यादा पेपर लीक हुए है। अकेले यूपी में 20 से ज्यादा पेपर लीक हुए। अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष और छात्र-नौजवानों की मांगे एक है। पहले शिक्षा मंत्री का इस्तीफा हो, उसके बाद बातचीत और चर्चा हो, छात्रों के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ उस पर सरकार जवाब दें। भाजपा सरकार ने करोड़ो लोगों को धोखा दिया है। हम लोग छात्रों के लिए खड़े हैं। छात्रों के साथ न्याय के लिए लड़ेंगे। हम लोग छात्रों की आवाज उठाते रहेंगे। सपा छात्र-नौजवानों की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। भाजपा सरकार से छात्र-नौजवान, किसान सभी दुःखी हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। महंगाई बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि यह मुद्दा किसी पार्टी का नहीं छात्रों, युवाओं और नौजवानों का है। हम सब छात्रों, नौजवानों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की नहीं सुनी जाएगी तो सड़कों पर आएंगे। सरकार ने छात्रों की बाते नहीं सुनी। उनके साथ जो व्यवहार हुआ है उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। मंत्री का इस्तीफा तो सरकार जब चाहेगी तब हो जाएगा लेकिन सरकार ने छात्रों के साथ जो व्यवहार किया है उसका क्या होगा।

## सपा छात्रों के साथ खड़ी है और रहेगी : डिम्पल

**लखनऊ।** सपा सांसद डिम्पल यादव ने कहा कि सपा हमेशा छात्रों-नौजवानों के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहेगी। पूरे देश में देखा है कि किस तरह भाजपा सरकार के इशारे पर पुलिस ने छात्रों-नौजवानों पर लाठीचार्ज किया। पिटाई की। छात्राओं के कपड़े फाड़े, छात्रों के सिर फोड़े गये, हड्डियां तोड़ी। संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए डिम्पल यादव ने कहा कि छात्रों की मांगों पर भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं है। छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की तस्वीरें देख कर सबका मन दुखी है। भाजपा लोगों को रामराज का सपना दिखाती है तो क्या यही रामराज है। छात्र पीटे जायेंगे। भाजपा सरकार में किसान, नौजवान छात्र हर वर्ग दुःख है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 20 जुलाई को जो घटना हुई वह भूलने वाली नहीं है। लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन सबका अधिकार है लेकिन सरकार ऐसा अत्याचार करेगी इसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। हम लोग छात्रों के प्रति पुलिस और सरकार के रवैये की निंदा करते है।

# तकनीक से टूटा खनन माफियाओं का नेटवर्क

### 9 साल में 30 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचा राजस्व

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का असर खनन क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। पारदर्शिता, तकनीक के अधिकतम उपयोग और अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के चलते प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने पिछले नौ वर्षों में 30,524 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। इस दौरान प्रदेश में 66 अवैध खनन स्थलों की पहचान कर कार्रवाई भी की गई है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि यह उपलब्धि केवल राजस्व वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि पारदर्शी नीलामी व्यवस्था, आधुनिक तकनीक के उपयोग, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और प्रभावी निगरानी प्रणाली के कारण संभव हो सकी है। विभाग की प्राथमिकता प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में खनन से कुल 4,700 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जबकि वर्ष 2017 से 2026 के बीच यह बढ़कर 30,524 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार का दावा है कि खनन क्षेत्र में 'जीरो टॉलरेंस' नीति के प्रभावी क्रियान्वयन ने राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित की है। अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग ने नई तकनीकों को अपनाया है। निदेशालय में स्थापित पीजीआरएस प्रयोगशाला के माध्यम से गूगल अर्थ की सहायता से प्रदेशभर में निगरानी की जा रही है। इसके जरिए अब तक 66 स्थानों पर अवैध खनन का पता लगाकर तत्काल कार्रवाई की गई है, जिससे 2.19 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। विभाग का दावा है कि इससे अवैध खनन से जुड़े नेटवर्क को भी प्रभावी ढंग से ध्वस्त किया गया है। राजस्व बढ़ाने के लिए विभाग ने ई-नीलामी व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक प्रमुख खनिजों के 10 ब्लॉकों का कंपोजिट लाइसेंस तथा तीन ब्लॉकों के खनन पट्टों का सफलतापूर्वक ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन किया गया है। इसके अलावा 'यूपी माइन मित्र पोर्टल' के जरिए खनिज संबंधी 10 प्रकार की सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है, जिससे लाखों आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण संभव हो सका है। खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए इंटीग्रेटेड माइनिंग सर्विलांस सिस्टम (आईएमएसएस), जियो-फेंसिंग, आरएफआईडी टैग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित चेकगेट तथा ई-नोटिस प्रणाली लागू की गई है।

## देश की मजबूती के लिए भाजपा सरकार जरूरी : राजेश्वर

### 652 बूथ अध्यक्षों का सम्मान, प्रत्येक बूथ पर 10 नए सदस्य जोड़ने का आह्वान



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि राष्ट्र की एकता, सुरक्षा और सशक्त भविष्य के लिए उत्तर प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सुशासन, विकास और राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत बनाए रखने के लिए भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।

सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता, जनसांख्यिकीय परिवर्तनों और असंतुलित जनसंख्या वृद्धि जैसे गंभीर विषयों पर प्रभावी नीति और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और विकास की गति निरंतर आगे बढ़ रही है, इसलिए सुशासन की इस यात्रा को जारी रखना आवश्यक है। डॉ. सिंह ने कहा, ₹भाजपा का नेतृत्व ईमानदार है और उसकी विचारधारा 'राष्ट्र प्रथम' है। राष्ट्र को मजबूत बनाए रखने के लिए सनातन संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को भी सुदृढ़ करना होगा।₹ उन्होंने बूथ अध्यक्षों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन और चुनाव की वास्तविक शक्ति बूथ कार्यकर्ता ही होता है और सरोजनीनगर के कार्यकताओं ने समर्पण एवं अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत किया है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद शुक्ला ने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से कम से कम 10 नए सदस्य जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा किए गए विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी प्रत्येक परिवार तक पहुंचाई जानी चाहिए। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी 652 बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, पूर्व सांसद पूर्णिमा वर्मा, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पुष्कर शुक्ला, राजेंद्र वाजपेयी, संजय लोधी, रामाशंकर त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूपी में 238 नये पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने की तैयारी, 714 चार्जर होंगे स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और हरित परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। प्रस्ताव के अनुसार, केंद्र सरकार की पीएम ई-ड्राइव योजना और उत्तर प्रदेश ईवी मैन्युफैक्चरिंग एवं मोबिलिटी पॉलिसी-2022 के तहत प्रदेश में 238 नए सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जहां कुल 714 चार्जर लगाए जाने की योजना है।, प्रस्ताव के मुताबिक, पहले चरण में स्थापित होने वाले इन चार्जिंग स्टेशनों के संचालन के लिए 10 वर्ष का अनुबंध किया जाएगा। सरकारी भूमि पर स्थापित होने वाले इन स्टेशनों का उपयोग केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए किया जाएगा। संबंधित विभागों से भूमि उपयोग शुल्क ?1 प्रति किलोवाट की दर से लिया जाएगा। योजना के तहत चार्जिंग स्टेशनों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। सरकारी कार्यालयों में स्थापित होने वाले चार्जिंग स्टेशनों को चार्जिंग उपकरण और आधारभूत संरचना पर 100 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। वहीं रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो स्टेशन, पेट्रोल पंप, टोल प्लाजा और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी अलग-अलग स्तर पर प्रोत्साहन दिए जाने का प्रस्ताव है। सरकार का उद्देश्य शहरों के साथ-साथ प्रमुख राजमार्गों पर भी सुलभ चार्जिंग नेटवर्क विकसित करना है।

# टॉप स्कूलों की तर्ज पर संवरेंगे 112 सर्वोदय विद्यालय

अमन लेखनी समाचार

- साझा अनुभवों से सुधरेंगे सर्वोदय विद्यालय, समाज कल्याण विभाग और बीएसएआई के साथ हुआ समझौता
- देश के प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों की श्रेष्ठ कार्य प्रणालियां अपनायेंगे सर्वोदय विद्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश के 112 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता और आवासीय व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में बुधवार को समाज कल्याण विभाग और बोर्डिंग स्कूल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएसएआई) के बीच गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के माध्यम से सर्वोदय विद्यालयों में देश के अग्रणी बोर्डिंग स्कूलों की श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को अपनाया जाएगा। इसके अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ छात्रावास प्रबंधन, छात्र देखभाल, अनुशासन, नेतृत्व विकास, जीवन कौशल और तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

एमओयू के अंतर्गत सर्वोदय विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक बीएसएआई से संबद्ध प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। वहां की शिक्षण व्यवस्था, छात्रावास संचालन और प्रशासनिक प्रणाली का अध्ययन कर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिसे प्रदेश के सभी 112 सर्वोदय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सर्वोदय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूलों जैसी शिक्षा, अनुशासन और अवसर उपलब्ध कराना है। बीएसएआई के साथ यह साझेदारी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थी और शिक्षक नई एवं श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों से सीखेंगे, अनुभव साझा करेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएंगे।

प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव ने कहा कि यह समझौता सर्वोदय विद्यालयों के लिए नई शुरूआत है। इससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को देश के प्रमुख बोर्डिंग स्कूलों की श्रेष्ठ व्यवस्थाओं से सीखने का अवसर मिलेगा, जिसका सकारात्मक प्रभाव विद्यालयों की समग्र कार्यप्रणाली पर दिखाई देगा। बीएसएआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सपना सुकुल ने कहा कि किसी राज्य सरकार के साथ बीएसएआई का यह पहला समझौता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी सर्वोदय विद्यालयों में सकारात्मक और दीर्घकालिक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह, बीएसएआई के डायरेक्टर विनय पांडेय तथा उप निदेशक जे. राम सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### विद्यालय प्रबंधक ने बच्चों निःशुल्क शिक्षा देने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विद्यालय प्रबन्धक ने सौ क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान किसान आदर्श बच्चो को निशुल्क पढ़ाने का लिया संकल्प ,लोगो ने उनकी इस सराहनीय पहल की सराहना।

छेत्र के मिर्री कला कस्बे में किसान आदर्श शिछड संस्थान के प्रबंधक विनय विक्रम सिंह ने संकल्प लेते हुए आम जनमानस में अपनी बात कही ,उन्होंने बताया कि मेरा विद्यालय क्षेत्र की 100 गरीब, असहाय और बिना माता-पिता की बेटियों को संस्थान हाई स्कूल तक पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ योजना की ओर यह उनका एक समर्पित कदम है, ताकि कोई भी जरूरतमंद बेटी आर्थिक तंगी या पारिवारिक स्थिति के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

संचालक विनय विक्रम सिंह के इस जनहितकारी संकल्प से पूरे ब्लॉक छेत्र सहित, तहसील क्षेत्र में उनके इस कदम की चारों तरफ जमकर सराहना हो रही है। क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने इसे बेटियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक 'कल का बेहतर कल' बनाने वाला प्रयास बताया है।

### पुलिस की पीआरवी टीम ने महिला की जान बचाई

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के माढापुर रोड स्थित कल्याणी नदी पुल पर आत्महत्या के इरादे से पहुंची एक महिला को पुलिस की पीआरवी टीम ने समय रहते उसे पकडकर उसकी जान बचा ली। तत्पश्चात पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना देकर उसे सुरक्षित उनके सुपुर्द कर दिया।

फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम बमरियामऊ निवासी 35 वर्षीय कविता पत्नी नरेश निषाद बुधवार पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे कल्याणी नदी पुल पर पहुंची थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह पुल से नदी में छलांग लगाने का प्रयास कर रही थीं।इसी दौरान क्षेत्र में गश्त कर रही पीआरवी टीम की नजर उस पर पड़ी। पुलिस कर्मियों ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित पकड़ लिया और समझाकर शांत कराया।

पूछताछ के दौरान महिला ने अपने परिजन का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। इसके बाद पीआरवी कर्मियों ने महिला के देवर रामबाबू से संपर्क कर उन्हें मौके पर बुलाया। आवश्यक पूछताछ बाद महिला को सकुशल उनके देवर के सुपुर्द कर दिया गया।पीआरवी टीम की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता से एक बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर पहुंचकर पुलिस ने महिला का जीवन बचाने का सराहनीय कार्य किया।

# विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ सपा का जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुधवार को समाजवादी पार्टी ने दिल्ली में विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर सड़कों पर उतरकर विरोध जताया। पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव और पूर्व सांसद अन्नू टंडन के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे।कार्यक्रम से पहले ही पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में था। भीड़ बढ़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बैरिकेड पर रोक दिया। बाद में सभी को बसों में बैठाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया। इस दौरान सपा कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ₹योगी तेरी तानाशाही नहीं चलेगी₹ और ₹जब-जब योगी डरता है, पुलिस को आगे करता है₹ जैसे नारे गूंजे।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। नेताओं ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया था।

इसके बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव प्रधानमंत्री आवास के बाहर धरने पर बैठे और छात्रों के मुद्दे को उठाया। दोनों ने पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की।सपा का कहना है कि इसके बाद दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव समेत कई सांसदों को हिरासत में ले लिया। इसी के विरोध में प्रदेशभर में सपा ने प्रदर्शन किए।उन्नाव में भी इसी क्रम में पार्टी नेताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना दिया। पुलिस ने डीएम कार्यालय के बाहर बैरिकेड लगाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोका। कुछ देर नारेबाजी के बाद प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया।

प्रदर्शन के दौरान डीएम कार्यालय और आसपास के इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा।प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहा। अधिकारियों के मुताबिक कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन कदम उठाए गए। पूरा प्रदर्शन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ और कहीं कोई हिंसा या तोड़फोड़ की खबर नहीं है प्रदर्शन के दौरान पूर्व सपा राज्य मंत्री सुधीर रावत पूर्व विधायक सुंदर लाल कुरील उदय राज यादव जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह चंदेल जितेंद्र रावत मुकेश रावत समेत काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे

## विधानसभा स्तरीय भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से हुई चर्चा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। उन्नाव रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित विधानसभा स्तरीय भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति हैं। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा का विधायक श्रीकान्त कटियार ने गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक कटियार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है और उस कार्यकर्ता की सबसे मजबूत कड़ी हमारा बूथ अध्यक्ष है।चुनाव की लड़ाई बूथ पर लड़ी जाती है।उन्होंने कहा कि आप लोग भाजपा के वो सैनिक हैं जो प्रतिदिन पार्टी के प्रति और सरकार के प्रति अपने-अपने बूथ पर विरोधियों से लड़ते हैं।उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि चुनाव केवल बड़े मंचों या रैलियों से नहीं जीते जाते, बल्कि प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्ष की कड़ी मेहनत से जीता जाता है। इसलिए हमारा संकल्प होना चाहिए कि प्रत्येक बूथ को मजबूत, सक्रिय और संगठित बनाया जाए।मुख्य अतिथि राजीव मिश्रा ने कहा कि हमें प्रत्येक घर तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुँचानी है।समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद बढ़ाना है तथा सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाना है।चुनाव बूथ से जीता जाता है इसीलिए हम सबको अपना-अपना बूथ मजबूत करके तीसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनानी है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री नूतन सिंह,जिला उपाध्यक्ष नवीन सिंह,मुकेश पाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालाराव गुप्ता,मंडल अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा,जगजीत राजपूत, सन्दीप सिंह,अजय द्विवेदी,सोनू सिंह,मण्डल प्रभारी मौजूद रहे।

## भूजल सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम कर लोगो को जल संरक्षण की दिलाई शपथ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा सिचाई विभाग द्वारा आज जल ।संरक्षण पर लोगो को शपथ दिलाई , सिचाई विभाग से आये अभियन्ता रंजीत कुमार गिरी व अवर अभियंता सन्दीप कुमार ने पहले प्राथमिक विद्यालय कंचनपुर पहुंच कर बच्चो को जल संरक्षण पर विस्तार से बताते कहा कि ,जल नही तो कल नही , दिनों दिन जल का संकट गहराता जा रहा है , हम लोगो को अब जल संरक्षण पर और अधिक कार्य करना पड़ेगा ,बच्चो को शपथ दिलाई की जल की बबार्दी को रोकना होगा , ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचे सिचाई विभाग के अधिकारियों ने ब्लॉक कर्मचारियों सहित अन्य लोगो से भी जल संरक्षण करने की बात कही , अभियन्ता रणजीत कुमार ने कहा कि जल ।संरक्षण का संकल्प सभी लोग करे इसका कोई विकल्प नही है , आने वाले समय मे यदि जल का दोहन इसी तरह होता रहा तो जल के लिये लोगो को युद्ध करना पड़ेगा । इस दौरान सहायक खण्ड विकास अधिकारी रमाकांत पांडेय , आशुतोष चतुवेर्दी , सरिता गौतम , सरवन कुमार , दिव्या कुशवाहा , आशीष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।



## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत NHAI PIU कानपुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर (PD) पंकज यादव, उन्नाव लालगंज हाईवेज के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण कुमार सेंथिल, आनंद राजपूत, के मार्गदर्शन में थाना बीघापुर, जनपद उन्नाव में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम में थानाध्यक्ष अरविंद कटियार , सब इंस्पेक्टर राजेश सिंह, सब इंस्पेक्टर शिव बहादुर एवं थाना बीघापुर के पुलिसकर्मियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सड़क उपयोगकताओं को यातायात नियमों के पालन, जिम्मेदार सड़क व्यवहार, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन तथा सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता पंपलेट वितरित कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा शपथ लेकर स्वयं यातायात नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ एवं उरफ प्रबंधक फिरोज खान ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। जनभागीदारी और सतत जागरूकता के माध्यम से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर सुरक्षित भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर कांस्टेबल रितिक चौधरी हेड कांस्टेबल विजय पाल, उन्नाव लालगंज हाईवेज से पंकज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क की बदहाली पर भड़के क्षेत्रवासी, आंदोलन की दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। 164 मोहान विधानसभा क्षेत्र के जटखेरवा गांव भौली से साधीरा मार्ग की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग साइकिल, बाइक और अन्य वाहनों से आवागमन करते हैं, लेकिन जगह-जगह बने गड्ढे और टूटी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। और बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं कुछ बच्चों ने तो स्कूल जाना ही छोड़ दिया ! स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते सड़क का निर्माण या मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय लोगों ने कहा सक्षम अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लोग बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे !

## नगर में जल भराव को लेकर एसडीएम को सौंपा पत्र

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। नगर की जलभराव समस्या को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता ने उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला को शिकायती पत्र सौंपकर नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समय पर नालों की सफाई न कराए जाने और नाला निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के कारण नगर के कई प्रमुख क्षेत्रों में बारिश के बाद गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है ।ज्ञापन में कहा गया है कि नगर के प्रमुख बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में बारिश का पानी भर जाने से व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानों और प्रतिष्ठानों में पानी घुसने से लाखों रुपये का सामान खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका को समय रहते जल निकासी की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए थी। लेकिन लापरवाही के कारण नागरिकों और व्यापारियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बाला राव गुप्ता ने बताया कि यहां के व्यापारी सबसे अधिक राजस्व देते हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मांग की कि बरसात के मौसम को देखते हुए तत्काल स्थायी रूप से जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था कराई जाए। भविष्य में स्थायी समाधान के लिए नालों की सफाई, अतिक्रमण हटाने और निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## शहीदों की मूर्तियां व उनके नाम पर बने चौक चौराहे, आज केवल पोस्टर लगाने का साधन बनकर रह गए!

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सर चौकी के नाक के नीचे , बक्सर गांव में बक्सर चौराहे पर लगी हुई अमर शहीद राजा राव बक्श सिंह जी की प्रतिमा सिर्फ प्रचार सामग्री बन कर रह गई लाखों रुपए की लागत से स्थापित की गई इस प्रतिमा में ना तो कभी सफाई हुई है ना ही पुताई होती है जबकि देखा जाए तो जिले के आला अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक सभी मां चंद्रिका माता मंदिर माता टेकने आते हैं ! और अक्सर सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक के सभी समाजसेवी यहां पर आकर, अमर शहीद राजा रॉव राम बक्स सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, फोटो खिंचवाते है,पर किसी को राजा साहब की दुर्दशा दिखाई नहीं पड़ रही, देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर देने वाले अमर शहीदों के प्रति ये लापरवाही एक बड़ा सवाल बनकर रह गई! आज अमर शहीदों की प्रतिमाएं केवल समाजसेवियों के लिए फोटो खिंचवाने व, लोगों के प्रचार करने के लिए पोस्टर और बैनर लगाने का साधन बनकर रह गई है !

## डंपर की टक्कर से ग्राम प्रधान की मौत, चालक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में सकरन गांव के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र राजपूत की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। पुलिस ने डंपर और चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र राजपूत 27 वर्ष पुत्र दिनेश उर्फ बुदंगी निवासी सकरन बिछिया कस्बे से जरूरी काम निपटाकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। दही चौकी-पुरवा मार्ग पर उन्नाव की तरफ से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि धर्मेंद्र बाइक समेत डंपर के नीचे फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए ।हादसे की सूचना पर पहुंचे राहगीरों ने डंपर रुकवाकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से धर्मेंद्र को बाहर निकालकर एंबुलेंस से पहले बिछिया सीएचसी पहुंचाया। वहां हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हैलट कानपुर भेजा, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान की मौत से गांव में शोक की लहर है। बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। घटना के बाद पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## गुणवत्ता पर उठे सवाल बारिश में बही इंटर लॉकिंग सड़क

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद नगर पंचायत द्वारा निर्मित की गई इंटर लॉकिंग सड़कों को तीन जगहों पर बारिश बहा ले गई जिससे कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है हालांकि नगर पंचायत आनन फानन में इनकी मरम्मत में जुटी हुई है ।नगर पंचायत की तरफ से बनाई गई इंटर लॉकिंग सड़क मोहल्ला गढ़ी में एक स्थान पद करीब 6 मीटर तक बारिश में बह गई तथा दूसरे स्थान पद भी कुछ हिस्से की सड़क को बारिश बहा ले गई ।इसी क्रम में एक अन्य तीसरे स्थान पर रामरतन फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के सामने बना इंटर लॉकिंग मार्ग भी एक स्थान पर जल के बहाव में बह गया सीजन की बारिश में तीन स्थानों पर इंटरलाकिंग मार्ग बह जाने से लोग इनकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहे है ।हालांकि अपनी खामिया छिपाने के लिए नगर पंचायत तत्परता से इनके मरम्मत कार्य में जुटी हुई है।

## दहेज हत्या में वांछित युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शिवगंज निवासी कन्हैया लाल पुत्र विनोद का विवाह ग्राम मुरतपुर थाना बिहार राजेश कुमार पुत्र स्वर्गीय चतुरी की पुत्री के साथ हुआ था दिनांक 30 अप्रैल 2026 को राजेश कुमार की पुत्री की मृत्यु हो गई वहीं राजेश कुमार के द्वारा दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने का का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दिया था तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया कन्हैया लाल पुत्र विनोदआयु लगभग 30 वर्ष जब से गिरफ्तार नहीं हुए थे पुलिस ने बीघापुर गेस्ट हाउस के पास से गिरफ्तार कर उन्हें सक्षम न्यायालय में भेज दिया।

## युवक का बिगड़ा संतुलन छत से नीचे गिरा हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात युवक छत पर सो रहा था इसी बीच बारिश आ गयी जिस पर पत्नी ने उसे उठाया और वह नींद के चलते छत के किनारे पहुंच गया तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे रात में एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया बुधवार की सुबह घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मेथीटीकुर गांव निवासी राम लखन उर्फ रिंकू 38 वर्ष पुत्र छोटा मंगलवार की रात छत पर सो रहा था इसी बीच बारिश आ गयी तो पत्नी सुमन देवी ने उसे उठाया और वह चारपाई उठाने लगी तभी नींद के चलते युवक छत के किनारे पहुंच गया छत की रेलिंग छोटी होने और रात के अंधेरे में वह समझ नहीं पाया और छत से नीचे गिर गया जिससे उसका सर फट गया और पैर टूट गया परिजन रात में एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक मजदूरी करता था दो बेटे अंशू व अंशमान एक बेटी अंशिका है मृतक तीन भाइयों के बीच दूसरे स्थान पर था बडा भाई पिंटू जिसकी पहले ही मौत हो चुकी है सबसे छोटा शानू है मां सुधा देवी बेटे की मौत से आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## कंपनी के शाखा प्रबंधक ने धोखाधड़ी का दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर के गाँव बैदरा निवासी महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र रमेश सिंह द्वारा कांटेक्ट फार्मिंग कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने पर कंपनी के शाखा प्रबन्धक ने मुकदमा दर्ज कराया है।

ओमनी बोट बायोबेट इण्डस्ट्रीज एल०एल०वी शाखा उन्नाव के शाखा प्रबन्धक भूपेंद्र सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उसकी कंपनी के साथ महेंद्र प्रताप सिंह ने 2700 मुर्गा बच्चों का पालन करने का कांट्रेक्ट किया था ।16 जून को फार्म पर कंपनी ने 2700 बच्चे डाले थे ।46 दिन बाद लिफ्टिंग के लिए कम्पनी के सुपर वाइजर व मैनेजर ने फोन पर सम्पर्क किया तो बताया कि 15/16 जुलाई को लिफ्टिंग करवा लेना ।16 जुलाई को कम्पनी के मैनेजर फार्म पर पहुंचे तो फार्म खाली था ।फार्म मालिक ने चोरी से मुर्गा बेंच लिया ?। बताया कि मुर्गों की बाजारी कीमत लगभग 592800 रुपये थी । जानकारी करने पर महेंद्र प्रताप सिंह ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया ।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया हैं । जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

## सम्पादकीय

# सरकार और विपक्ष टकराव नहीं, चर्चा को दें प्राथमिकता

आज से शुरू हो रहा संसद का मानसून सत्र ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब देश के सामने शिक्षा, रोजगार, महंगाई, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा और संघीय ढांचे जैसे अनेक गंभीर मुद्दे हैं। ऐसे में देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था से जनता की अपेक्षा शोर-शराबे की नहीं, बल्कि सार्थक बहस और ठोस समाधान की है। दुर्भाग्य से सत्र शुरू होने से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। विपक्ष जहां नीट पेपर लीक, बिहार की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर), शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके के अनशन, परिसीमन और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सरकार अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहती है। यह टकराव लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन यदि यह सदन की कार्यवाही को ठप कर दे तो सबसे बड़ा नुकसान देश और जनता का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करने की नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह बनाने की भी होती है। यदि नीट पेपर लीक जैसा मामला लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा है या किसी अन्य विषय पर जनता के मन में सवाल हैं, तो उन्हें संसद में पूरी गंभीरता से उठाया जाना चाहिए। सरकार का भी दायित्व है कि वह इन मुद्दों पर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब दे। विपक्ष को भी यह समझना होगा कि लगातार हंगामा, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करना लोकतांत्रिक संघर्ष का सबसे प्रभावी तरीका नहीं है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि संसद की उत्पादकता घटने से जनता में निराशा बढ़ी है। करोड़ों रुपये का सार्वजनिक धन खर्च होने के बावजूद यदि सदन नहीं चलता, तो इसका सीधा नुकसान करदाताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। संसद का मंच बहस के लिए बना है, बहिष्कार या व्यवधान के लिए नहीं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना उचित है कि राजनीतिक लाभ चर्चा से मिलता है, हंगामे से नहीं। वहीं, सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि विपक्ष की आवाज दबे नहीं। छोटे दलों को पर्याप्त समय मिले, विधेयकों को जल्दबाजी में पारित न किया जाए और सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हो। यदि सरकार संवाद का रास्ता अपनाएगी तो विपक्ष पर भी रचनात्मक सहयोग का नैतिक दबाव बनेगा। सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों को बुलाने को लेकर विपक्ष का वॉकआउट भी बताता है कि राजनीतिक अविश्वास कितना गहरा हो चुका है। यह अविश्वास तभी कम होगा, जब सरकार सभी दलों के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करेगी तथा विपक्ष भी हर मुद्दे को केवल राजनीतिक संघर्ष का माध्यम बनाने के बजाय जनहित के नजरिए से देखेगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधि सदन है। यदि संसद संवाद की जगह टकराव का अखाड़ा बन जाएगी, तो लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत ही कमजोर पड़ जाएगी। कुल मिलाकर मानसून सत्र में सरकार को जवाबदेही, पारदर्शिता और संवाद का परिचय देना होगा, जबकि विपक्ष को अपनी भूमिका जिम्मेदार और रचनात्मक तरीके से निभानी होगी। लोकतंत्र में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन संसद की कार्यवाही बाधित करना समाधान नहीं हो सकता। इसी तरह सरकार की जिम्मेदारी भी विपक्ष के सवालों का पारदर्शी और तथ्यपूर्ण जवाब देना है। ऐसे में यह मानसून सत्र टकराव का नहीं, बल्कि संवाद, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का अवसर बनना चाहिए।

# संवाद स्थापित करना ही विवेकपूर्ण कदम



मुद्दा

विकास खितौलिया

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। यह विश्वास केवल चुनाव जीतने से नहीं मिलता, बल्कि जनता की पीड़ा को सुनने और उसका समाधान करने से बनता है। जब सरकार संवाद से दूरी बना लेती है, तब असंतोष सड़कों पर दिखाई देने लगता है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा उनके साथ मौजूद छात्र और समर्थक मांगों को लेकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और प्रदर्शन कर रहे हैं। देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि वही व्यवस्था से निराश हो गए, तो यह केवल सरकार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की हार होगी। इसलिए समय रहते संवाद स्थापित करना ही सबसे विवेकपूर्ण कदम होगा।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। यह विश्वास केवल चुनाव जीतने से नहीं मिलता, बल्कि जनता की पीड़ा को सुनने और उसका समाधान करने से बनता है। जब सरकार संवाद से दूरी बना लेती है, तब असंतोष सड़कों पर दिखाई देने लगता है। इन दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा उनके साथ मौजूद छात्र और समर्थक अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और प्रदर्शन कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किसी भी व्यक्ति का सहज निर्णय नहीं होता।

यह तब होता है, जब लोगों को लगता है कि उनकी बात सामान्य माध्यमों से नहीं सुनी जा रही। यह आंदोलन केवल एक क्षेत्र या एक व्यक्ति का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि शासन, संवाद और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है। इसी समय देश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी असंतोष कम नहीं है। देश का युवा भी एक अलग संघर्ष लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों का भरोसा हिला दिया है। वर्षों की मेहनत, परिवार की उम्मीदें, आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक तनाव के बाद जब परीक्षा की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े हो जाएं, तो युवाओं का व्यवस्था पर भरोसा डगमगाना स्वाभाविक है। पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। सरकारें बदलती रहती हैं, मंत्री पद दोबारा मिल सकता है, लेकिन एक छात्र का खोया हुआ वर्ष वापस नहीं आता। परीक्षा रद्द होती है, दोबारा आयोजित होती है, लेकिन उस दौरान छात्रों का समय, मेहनत, पैसा और मानसिक संतुलन कौन लौटाएगा? सार्वजनिक चर्चा में यह भी बार-बार कहा जाता रहा है कि परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और मानसिक दबाव के कारण कई छात्रों ने आत्महत्या जैसे दुखद कदम उठाए हैं। भले ही इन घटनाओं के पीछे कई सामाजिक और व्यक्तिगत कारण भी हो सकते हैं, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार पैदा हो रहे संकट ने युवाओं की चिंता और निराशा को बढ़ाया है। सरकार की जिम्मेदारी केवल दोषियों को पकड़ने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करने की भी होनी चाहिए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कठोर प्रणाली ना होने के कारण देश की सभी सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में पेपर लीक घटनाएं हुई है। अनेक बार परीक्षा प्रणाली में बार-बार सामने आई खामियों ने देश के युवाओं के मन में कई सवाल खड़े किए हैं। आखिर बार-बार पेपर कैसे लीक हो जाते हैं? जिम्मेदार कौन है? क्या केवल छोटे कर्मचारियों या गिरोहों पर कार्रवाई पर्याप्त है, या फिर प्रशासनिक जवाबदेही भी तय होनी चाहिए? लोकतंत्र में सत्ता अधिकार के साथ उत्तरदायित्व भी लेकर आती है। इसलिए जनता यह जानना चाहती है कि ऐसी घटनाओं की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी कौन स्वीकार करेगा। ऐसे में सरकार से यह सवाल पूछा जाना स्वाभाविक है कि क्या पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाओं की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी तय नहीं होनी चाहिए क्या? क्या केवल निचले स्तर पर कार्रवाई पर्याप्त



है, या फिर जवाबदेही ऊपर तक भी तय होनी चाहिए? आंदोलनकारी छात्रों, सोनम वांगचुक, विपक्ष और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग भी उठाई जा रही है। जबकि हमें पता है कोई भी इस्तीफा अपने आप में समाधान नहीं होता, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करने की परंपरा शासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करती है। इसी कारण जनता का विश्वास केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि परिणामों से लौटता है।

दूसरी ओर, सरकार का कहना है कि पेपर लीक के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है और परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कानूनी तथा तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। लोकतंत्र में इन दोनों पक्षों के बीच गंभीर संवाद होना आवश्यक है, क्योंकि केवल आरोप-प्रत्यारोप से समस्या का समाधान नहीं निकलता। जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन को लेकर सरकार का रवैया भी चर्चा का विषय है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को यह समझना चाहिए कि संवाद कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता की निशानी है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह आंदोलनकारियों की बात सुने, चाहे उनकी सभी मांगों से सहमत हो या नहीं। उनकी बात सुनना और संवाद स्थापित करना सरकार का दायित्व अवश्य है। संवाद की कमी अक्सर आंदोलनों को लंबा खींच देती है और इससे समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। इतिहास गवाह है कि कई बार समय रहते संवाद न होने के कारण छोटे आंदोलन बड़े जनआंदोलन का रूप ले लेते हैं। जिस कारण राजनीतिक रूप से भी सरकार को नुकसान उठाना पड़ता है। जब आंदोलन लंबा और आक्रामक हो जाता है, विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को राजनीति अवसर पैदा करती है। इसी कारण यह भी सच है कि बड़े आंदोलनों में अलग-अलग राजनीतिक दलों और वैचारिक संगठनों की उपस्थिति दिखाई देती है। जंतर-मंतर के आंदोलन को लेकर भी ऐसे दावे किए जा रहे हैं। यदि सरकार केवल इस आधार पर आंदोलन की अनदेखी करेगी कि उसमें विपक्षी या अन्य विचारधाराओं के लोग मौजूद हैं, तो मूल प्रश्न पीछे छूट जाएगा। यदि सरकार केवल राजनीतिक चश्मे से आंदोलन को देखेगी और मूल मुद्दों की अनदेखी करेगी, तो विवाद और गहरा हो सकता है। आज का सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि देश का युवा किस दिशा में जा रहा है।

बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं की अनिश्चितता, पेपर लीक, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव पहले से ही युवाओं को प्रभावित कर रहे हैं। यदि इन परिस्थितियों में उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो असंतोष और बढ़ सकता है। यह समय सरकार के लिए संकेत है कि वह परिस्थितियों को केवल राजनीतिक नजरिए से न देखे। यदि युवाओं का असंतोष व्यापक रूप लेता है, तो उसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक स्थिरता और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी पड़ेगा। लोकतंत्र की सफलता इस बात से तय नहीं होती कि विरोध कितना दबाया गया, बल्कि इस बात से होती है कि विरोध की आवाज़ को कितनी गंभीरता से सुना गया। जनता और सरकार में विश्वास रहना चाहिए, संवाद रहना चाहिए। आज आवश्यकता राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में निर्णय लेने की है। इसलिए जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलनकारियों से सम्मानजनक संवाद शुरू करें। देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि वही व्यवस्था से निराश हो गए, तो यह केवल सरकार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की हार होगी। इसलिए समय रहते संवाद स्थापित करना ही सबसे विवेकपूर्ण कदम होगा।

नवाचार

ऋतुपर्ण दवे



# एग्रो-होम्योपैथी कृषि क्षेत्र की नई क्रान्ति

होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति जरूर है, लेकिन बहुत ही तेजी से लोकप्रिय भी हो रही है। यह रोगी के समग्र स्वास्थ्य जिसमें मानसिक और शारीरिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके प्राकृतिक रूप से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की ताकत होती है। होम्योपैथी को एक सुरक्षित चिकित्सा पद्धति माना जाता है, क्योंकि इससे कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। यही होम्योपैथी यदि कृषि के क्षेत्र में भी उपयोगी साबित हो तो इसे किसी चमत्कार से कम नहीं कहा जा सकता। इन दिनों दुनिया भर में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर न केवल बड़े-बड़े शोध चल रहे हैं बल्कि तेजी से उपयोग भी बढ़ रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। कृषि क्षेत्र में इसका सफल प्रयोग कई दशकों से हो रहा है। इसकी शुरुआत हालांकि शौकिया तौर पर हुई, लेकिन जब इसके फायदे नजर आने लगे तो तेजी से शोध और परीक्षण भी होने लगे और लोगों की इसको लेकर उत्सुकता भी बढ़ी। अब नतीजे भी दिखने लगे हैं। होम्योपैथी दवाओं के टिंचर की कुछ बूंदें थोड़े से पानी में मनुष्यों को देकर यह विश्वास उत्पन्न किया जाता है कि यह बीमारी की जड़ तक पहुंचकर उसका समाधान करता है। बस यही फॉर्मूला कृषि क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। वास्तव में होम्योपैथिक दवाएं बैक्टीरिया या कीटों को सीधे नहीं मारकर,पौधों की अपनी जैविक प्रणालियों को प्रभावित करती है जिससे वो अपना प्राकृतिक रक्षा तंत्र,जरूरत के हिसाब से विकसित और सक्रिय कर पाते हैं। एग्रीकल्चर सेक्टर में होम्योपैथी का उपयोग उसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें किसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए धीरे-धीरे डायल्यूट दवाओं से किसी बीमारी को काबू किया जाता है, जिससे वह जड़ से ही समाप्त हो जाती है। यह पौधों की आनुवंशिक गतिविधियों और चयापचय यानी मेटाबॉलिज्म में परिवर्तन की प्रक्रिया को प्रेरित कर सकता है। इससे रक्षा प्रणालियां सक्रिय होती हैं। देश में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर पुडुचेरी प्रयोग खासा सफल और चर्चाओं में है। श्री अरबिंदो सोसाइटी (एसएएस) की अगुवाई में एक नई पहचान बन रही है। एग्रो-होम्योपैथी से दोहरा लाभ भी सामने आया। जहां पानी की खपत घटी और इस कारण भूजल स्तर भी बढ़ा। 2018 में शुरू हुई आहार परियोजना में कृषि क्षेत्र में होम्योपैथी के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए शुरू हुए इस प्रोजेक्ट की सफलता का अंदाजा इसी से लगता है कि कुछ ही समय में इसे नाबार्ड और उसके बाद टाटा ट्रस्ट का समर्थन मिला। वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद जब यह फॉर्मूला खेतों में पहुंचा तो वहां भी बेहद असरकारक रहा। पहले भिंडी उसके बाद धान की उपज में काफी सकारात्मक परिणाम आए। इससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ी जिससे रसायनों पर निर्भरता घटी। सर्वविदित है कि खेतों में उर्वरकों का छिड़काव करने से मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को नुकसान होता है, लेकिन कृषि-होम्योपैथी के मिश्रण ने पत्तियों को नई जान तो दी, साथ ही पौधों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। शोधकर्ताओं ने कृषि-होम्योपैथी की लागत को बेहद सस्ती पाया। पहले जहां कृषक 20 से 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर रसायनों पर व्यय करता था, वहीं होम्योपैथिक दवाओं पर केवल 700 रुपये प्रति हेक्टेयर ही खर्च कर और भी बेहतर परिणाम हासिल करने लगा। यह कमाल ही था जो होम्योपैथिक दवाओं की चंद मिलीमीटर दवाओं ने सैकड़ों लीटर पानी में घुले रसायनों पर भारी पड़ कर असर दिखाया। इससे खेती में हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल रुकने से फसल की चमक और पुष्टता भी बेहतर हुई, जिससे किसानों को उपज की अच्छी कीमत मिलने लगी। होम्योपैथी दवाएं वनस्पतियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को जबरदस्त बढ़ाती हैं। इससे वनस्पतियां, फसल होने वाली बीमारी को अपने आप ठीक कर लेते हैं। एग्रो-होम्योपैथी में अलग-अलग और बेहद सस्ती चंद मिलीमीटर दवाएं बीजों के अंकुरण से लेकर रोगों से बचाव और फूलने-फलने को बेहतर बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। ये दवाएं कीट प्रबंधन की दिशा में भी काफी सफल हैं।

## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित

दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

## गुरु की सीख से बड़ी मुश्किलें भी होती हैं दूर




संकलित

प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

# संजय जोशी का पार्टी व संगठन के प्रति त्याग और समर्पण

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ



त्याग और समर्पण क्या होता है ? यह जानना है तो संजय जोशी जी के जीवन को देखो, उनके जीवन जीने की शैली को देखो, उनके कार्य करने के तरीके को देखो, संजय जोशी से अच्छा उदाहरण पूरे भारत वर्ष में कहीं नहीं मिल सकतो संजय जोशी ने संगठन और पार्टी की विचारधारा को बचाने के लिए अपने सर्वोच्च पद का त्याग कर दिया, वे चाहते तो किसी भी कीमत पर अपना त्यागपत्र नहीं देते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं कियो संगठन की विचारधारा को चोट ना पहुंचे इसलिए उन्होंने हसंते हंसते हंसते अपने पद से त्यागपत्र दे दियो एक व्यक्ति की जिद के आगे पूरा संगठन झुक गया, संगठन के सारे लोग हार गयें लेकिन उसी संगठन को बचाने के लिए संजय जोशी ने हंसते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दियो वर्तमान समय में एक घटना हाल ही में घटी है मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव में नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने मात्र से चक्का जाम हो जाता है, जिले के सारे पदाधिकारी और समर्थक अपना त्यागपत्र दे देते हैं, प्रधानमंत्री मुदार्बाद के नारे लगाए जाते हैं, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष को बुरी तरह से गाली-गलौज किया जाता है लेकिन उसके विपरीत जब संजय जोशी ने अपना त्यागपत्र दिया था तो कहीं किसी प्रकार की कोई अराजकता नहीं हुई, क्योंकि उनके समर्थक और उनसे जुड़े लोग पार्टी, संगठन और संजय जोशी के प्रति पूरी श्रद्धा के साथ समर्पित थें संजय जोशी ने जब अपना त्याग पत्र दिया था तब उन्होने अपने समर्थकों और कार्यकताओं को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कोई भी किसी प्रकार का विरोध नहीं करेगो हमारे विरोध से पार्टी और संगठन की छवि को नुकसान पहुंचेगो मैंने अपने पद से त्यागपत्र दिया है, पार्टी से नहीं अभी भी मै पार्टी का सच्चा कार्यकर्ता हूँ इसलिए हम सब कार्यकताओं को अपनी दोगुनी मेहनत के साथ भाजपा और संगठन का काम करना चाहिएं सारे कार्यकताओं ने संजय जोशी के निर्देश का पालन किया और देश में कहीं किसी प्रकार की अराजकता नहीं फैलीं इसे कहते हैं अनुशासन, इसे कहते हैं संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा, इसे कहते हैं संगठन के प्रति त्याग और समर्पणे संजय जोशी पिछले 24 वर्षों से किसी पद पर नहीं है, अपना वनवास काट रहे हैं फिर भी उन्होंने कभी संगठन और सरकार के प्रति कोई ऐसा बयान नहीं दिया जिससे संगठन और सरकार की छवि को कोई नुकसान पहुंचे आज भी वे सर्दी, गर्मी, धूप, छांव, बरसात हर मौसम में खुले आकाश के नीचे एक छोटे से पार्क में बैठकर अपने कार्यकताओं के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, और उनसे जो बन सकता है हर संभव प्रयास करते हैं वे पार्टी और संगठन को आगे बढ़ाने का ही काम कर रहे हैं संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं आज भी हजारों कार्यकर्ता संजय जोशी से मिलने डॉक्टर लेन, गोल मार्केट नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाते हैं आज छोटे से पद वाला नेता जब नाराज होता है तो उसके पास अन्य पार्टियों के लोग ऑफर लेकर पहुँच जाते हैं और पद प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए वह दल बदल लेता है, लेकिन संजय जोशी ने कभी पार्टी और संगठन की लाइन से हटकर कोई कार्य नहीं किया, पार्टी और संगठन के साथ कभी गद्दारी नहीं की हमेशा पार्टी और संगठन के प्रति समर्पण और त्याग की भावना संजय जोशी में रही हैं संजय जोशी ने जब अपने पद से त्यागपत्र दिया होगा तब उनके पास भी अन्य पार्टियों से ऑफर आए होंगें वह चाहते तो दल बदल सकते थे, बड़े से बड़ा पद प्राप्त कर सकते थें लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि संजय जोशी को कभी पद की लालसा थी ही नहीं पद तो पहले ही उनके पास थो संजय जोशी पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर थे, वे कॉलेज में लेक्चरार थे, सरकारी नौकरी व अच्छी सैलरी थी, वे चाहते तो बहुत बड़े आदमी बन सकते थें लेकिन उन्होंने अपने पद का त्याग कर संगठन और समाज के प्रति अपने आप को समर्पित कर दियो तब से आजतक पार्टी के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित हैं लेकिन संगठन की विडंबना है कि ऐसे त्याग करने वाले समर्पित व्यक्ति के विषय में संगठन निर्णय नहीं ले पा रहा हैं सभी नेता अपने-अपने पद और प्रतिष्ठा को बचाए रखने के चक्कर में आंख बंद करके गलत का साथ दे रहे हैं सभी को सच्चाई पता है उसके बाद भी बोलने का साहस किसी में नहीं हैं



लेखक – बालकृष्ण उपाध्याय

## ट्रेंड

### युवा अचीवर्स को बधाई



ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित इंटर नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड और विलनियस, लिथुआनिया में आयोजित इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले हमारे होनहार युवा अचीवर्स को हार्दिक बधाई।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### वांगचुक को उठाना गलत



मोदी सरकार के मुख्य सिद्धांत असत्य और हिंसा है। सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाना, जबकि वे अहिंसक भूख हड़ताल पर थे, गलत है। पेपर लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या भारत के भविष्य के लिए गंभीर मुद्दे हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सरप्लस राज्य



हम बिजली के मामले में सरप्लस (अतिरिक्त उत्पादन करने वाले) राज्य हैं। कुछ दिन पहले पंजाब के साथ समझौता हुआ है। हम तीन साल तक पंजाब को बिजली की सप्लाई करेंगे। चंडीगढ़ में हमारी 7.19% हिस्सेदारी है। हम अपने अधिकार हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### बौद्धिक क्षमता का परचम



देबदत प्रियदर्शी, हर्षित सिंघल, कबीर चिल्लर और संदीप कुची ने 58वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर ग्लोबल मंच पर भारत की बौद्धिक क्षमता का परचम लहराया है। चारों गोल्ड मेडल विजेताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## संक्षेप

### गोआश्रय केंद्र के पास घायल किसान की मौत

**परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया, पुलिस जांच में जुटी**

अमेठी , शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के दांदूपुर स्थित गोआश्रय केंद्र के पास रविवार शाम घायल मिले किसान राम दुलारे (60) की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई। परिजनों ने उनकी हत्या का आरोप लगाया है। इन्हौना के बड़ानापुर गांव निवासी राम दुलारे को दो युवक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मौत की सूचना मिलते ही दोनों वहां से फरार हो गए। इसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मृतक के भाई राम बहादुर ने बताया कि राम दुलारे खेती-किसानी के साथ मृत गोवंशों का अंतिम संस्कार करने और हड्डियां एकत्र करने का काम करते थे। रविवार को वह इसी काम से गोआश्रय केंद्र गए थे। परिजनों का आरोप है कि वहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद दो लोगों ने उनकी पिटाई कर दी। विवाद के बाद पीआरवी भी मौके पर पहुंची थी। परिजनों ने यह भी बताया कि घटना के बाद गोआश्रय केंद्र का केयरटेकर भी नहीं मिला। शिवरतनगंज थाना प्रभारी दयाशंकर मिश्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसान के बेहोश होकर गिरने की बात सामने आई है। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि गौशाला से बाहर निकलते ही राम दुलारे अचानक गिर पड़े थे और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### गौरीगंज में बनेगा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर

**7500 वर्ग मीटर में नसबंदी, टीकाकरण से मिलेगी राहत**

अमेठी ,आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं से परेशान गौरीगंज के निवासियों को जल्द राहत मिलेगी। नगर पालिका प्रशासन ने जिले में एक एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह केंद्र 7500 वर्ग मीटर भूमि पर बनाया जाएगा, जिसके लिए जमीन की तलाश शुरू हो गई है। इस केंद्र में आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी (स्टरलाइजेशन) की जाएगी। साथ ही उन्हें रेबीज रोधी टीका लगाया जाएगा और उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी होगा। ऑपरेशन के बाद, कुत्तों को कुछ दिनों तक केंद्र में रखकर उनकी देखभाल की जाएगी, जिसके बाद उन्हें वापस छोड़ा जाएगा। इस पहल से धीरे-धीरे आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और डॉग बाइट की घटनाओं में कमी आएगी। पिछले कुछ वर्षों से गौरीगंज के मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर आवारा कुत्तों के झुंड आम लोगों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। नगर पालिका गौरीगंज के अधिशासी अधिकारी (ईओ) सुनील कुमार ने बताया कि केंद्र के निर्माण के लिए जमीन का चयन अंतिम चरण में है। भूमि उपलब्ध होते ही शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने नाबालिग नेपाली किशोरी को मानव तस्करी से बचाया

**आरोपी नेपाल पुलिस के हवाले**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



बहराइच। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बहराइच द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत एक नाबालिग नेपाली किशोरी को सुरक्षित बचाते हुए मानव तस्करी के एक प्रयास को विफल कर दिया गया। मामले में संदिग्ध युवक को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया, जबकि किशोरी को संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए संबंधित नेपाली संस्था को सौंप दिया गया। दिनांक 21 जुलाई 2026 को भारत-नेपाल सीमा पर नियमित जांच के दौरान रात्रि लगभग 8:45 बजे एसएसबी की बॉर्डर इंटरैक्शन टीम (BIT) ने नेपाल से भारत की ओर आने का प्रयास कर रही एक किशोरी एवं उसके साथ मौजूद एक युवक को संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की। पूछताछ में किशोरी ने अपना नाम मोनिका (परिवर्तित नाम), आयु लगभग 16 वर्ष, निवासी ग्राम जुनी चाँदे, वार्ड संख्या-01, जिला जाजरकोट (नेपाल) बताया। वहीं युवक ने अपना नाम बिरेन्द्र बस्नेत (19 वर्ष), पुत्र गोपाल विश्वकर्मा, निवासी ग्राम जुनी चाँदे, वार्ड संख्या-01, जिला जाजरकोट (नेपाल) बताते हुए स्वयं को किशोरी का बड़ा भाई बताया तथा उसे भारत ले जाने की बात कही। दोनों के बयानों में विरोधाभास पाए जाने पर एसएसबी ने उन्हें एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) के समक्ष प्रस्तुत किया। अलग-अलग पूछताछ एवं काउंसलिंग के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि युवक किशोरी का वास्तविक भाई नहीं था। युवक ने दावा किया कि वह किशोरी को उपचार के लिए हिमाचल प्रदेश के शिमला ले जा रहा है, किंतु वह इस संबंध में कोई वैध दस्तावेज अथवा संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। सत्यापन के दौरान युवक द्वारा बताए गए परिजनों से संपर्क किया गया, लेकिन उसके दावों की पुष्टि नहीं हो सकी। गहन पूछताछ एवं काउंसलिंग के दौरान यह तथ्य सामने आया कि किशोरी को मानव तस्करी के उद्देश्य से भारत लाया जा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसएसबी ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए किशोरी को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया। संपूर्ण वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU), नेपाल पुलिस, एनजीओ देहात इंडिया एवं मानव सेवा संस्थान सेवा के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नाबालिग किशोरी को उसकी सुरक्षा एवं पुनर्वास के उद्देश्य से नेपाली गैर-सरकारी संस्था ₹शांतिपूर्ण स्थापना गृह₹ के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं आरोपी युवक बिरेन्द्र बस्नेत को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया गया। भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी की रोकथाम के लिए एसएसबी द्वारा निरंतर सतर्कता एवं समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। यह कार्रवाई सीमा सुरक्षा के साथ-साथ मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों के विरुद्ध एसएसबी की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए नवागत थाना प्रभारी सम्मानित

**एसएचओ रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित**

**स्थानीय लोगों, बुद्धिजीवियों एवं पत्रकारों ने दी शुभकामनाएं**

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। विभिन्न थानों में हुई तीन चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण कर अभियुक्त के कब्जे से 10 हजार नगद, आभूषण एवं अन्य चोरी की संपत्ति सहित लगभग 6 लाख मूल्य का माल बरामद कराने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने पर प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान अपराध नियंत्रण, चोरी की घटनाओं के सफल खुलासे तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक मिश्रा के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।सम्मान मिलने पर क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं पत्रकारों ने प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रूपईडीहा पत्रकार संघ व न्यू मीडिया हाउस बाबागंज ने भी उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली से अपराधियों में भय तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

# नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का डीएम ने किया उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान कार्यालय (एन.आई.सी.) बहराइच के नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत सिन्हा व अवर अभियन्ता डी.एन. सिंह, उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड, निर्माण खण्ड-4 चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी, एनआईसी का स्टाफ मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि क्रिटिकल गैप योजना अन्तर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा रू. 95.00 लाख की लागत से विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल का निर्माण किया गया है। जबकि रू. 6.12 लाख की लागत से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लिमिटेड, निर्माण खण्ड-4 (यू.पी. एस. आई.सी.) द्वारा नवनिर्मित विडियो कांफ्रेंसिंग हॉल में कांफ्रेंसिंग टेबल, टी.वी. कैबनेट एवं कैमरा स्टैण्ड टेबल इत्यादि सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# खुरपका-मुँहपका निःशुल्क टीकाकरण अभियान का 8वाँ चरण प्रारम्भ

## डीएम ने सीडीओ के साथ जागरूकता वाहनों को दिखायी हरी झण्डी

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। भारत सरकार के सहयोग से खुरपका मुँहपका रोग नियन्त्रण (एफएमडीसीपी) कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद बहराइच में 22 जुलाई से 04 सितम्बर 2026 तक टीकाकरण का 8वाँ चरण संचालित किया जायेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास सुनील कुमार धनवंता, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से बहुउद्देशीय सचल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर खुरपका मुँहपका टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ किया। टीकाकरण अभियान के 8वें चरण में सम्पूर्ण जनपद के लगभग 04 लाख 50 हजार से अधिक पशुओं के निःशुल्क टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. राजेश उपाध्याय ने बताया कि खुरपका-मुहँपका बीमारी से बचाव के लिए 22 जुलाई से 04 सितम्बर 2026 तक कुल 45 दिवसों के लिए टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रत्येक छः माह के अन्तराल पर टीकाकरण अभियान संचालित किया जाता है। खुरपका-मुहँपका बीमारी पशुओं में होने वाली एक घातक जानलेवा बीमारी है, जो कि एक विषाणु जनित रोग है। यह बीमारी मुख्यतः गाय, बैल, भैंस, भेड़, बकरी तथा सूकरों में होती है, जो रोगग्रसित पशुओं के सम्पर्क में आने और साथ में खाने पीने से फैलती है। इस बीमारी में पशु को 104 से 106 डिग्री फॉरेनाहइट तक तेज बुखार आना, मुँह से झाग नुमा लार का गिरना, चप-चपाहट की आवाज, मुँह, जीभ तथा थनों एवं खुरों के बीच में छाले पड़ जाते हैं। पशु का अत्यधिक दुर्बल होना, उत्पादकता में कमी तथा गर्भित पशुओं का गर्भपात हो जाना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं।

सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि रोग की उग्र अवस्था में यह सभी लक्षण उग्र रूप से प्रकट होते है तथा इसमें पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है। रोग से मुक्त हो जाने के पश्चात पशु के स्वस्थ होने में काफी समय लगता है। उन्होंने बताया कि इस रोग से बचाव हेतु एक ही उपाय खुरपका मुँहपका का टीकाकरण है। पशुपालकों को सुझाव दिया है कि स्वस्थ्य पशुओं को बीमार पशुओं से अलग रखें। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि टीकाकरण टीम के गॉव पहुँचने पर पशुओं का टीकाकरण अवश्य करायें ताकि आपके सभी पशुधन इस खतरनाक बीमारी से बचे रहें। उन्होंने बताया कि टीकाकरण पूर्णतयः निःशुल्क है। यदि किसी पशुपालक को कोई समस्या हो तो 7985023215 पर सुझाव/समस्या हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 28 टीमें गठित की गयी हैं। सभी टीमों के दिवसवार रूट चार्ट निर्धारित किया गया है। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि खुरपका मुँहपका नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत 06 माह से कम आयु के बच्चों तथा 08 माह से अधिक गर्भित पशुओं का टीकाकरण नही किया जायेगा। डा. उपाध्याय ने बताया कि घोड़ा व गदहा इस रोग से पीड़ित नही होते हैं।

# दो बीघा जमीन के लिए किसान की हत्या

**घर से 500 मीटर दूर धारदार हथियार से किया हमला, सगे भाई और भतीजे पर आरोप**

अमन लेखनी समाचार


रामकरण, मृतक

अमेठी , रात करीब 10:30 बजे पैतृक जमीन के विवाद में किसान की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। खेत की रखवाली कर घर लौट रहे थे, उसी दौरान घर से लगभग 500 मीटर पहले काली माई के स्थान के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन पर चाकू और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटें लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के भाई ने हत्या का आरोप अपने सगे भाई और भतीजे पर लगाया है। उनका कहना है कि करीब दो बीघे पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सूचना पर पहुंची मुसाफिरखाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर और साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है।दर, असल मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पूरे भद्दौर गांव निवासी रामकरण (38) अपने खेत की रखवाली करने के बाद घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वह घर से लगभग 500 मीटर पहले काली माई के स्थान के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उन पर चाकू और अन्य धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटें लगने के कारण रामकरण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हाईवे पर भीषण हादसाः रोडवेज बस और ईको वैन की आमने-सामने टक्कर

**सात घायल, चार की हालत गंभीर**

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरईपुरवाझमुस्तफाबाद के पास बुद्धवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार रोडवेज बस और ईको वैन की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में ईको वैन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जबकि हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे यात्रियों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मुस्तफाबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार फकरा, मोहम्मद सलीम, फरमान खान (पुत्र नौसाद खान) तथा फरियाद खान की हालत गंभीर पाई गई। प्राथमिक उपचार के बाद चारों को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर, बहराइच रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का उपचार सीएचसी मुस्तफाबाद में किया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद लखनऊ-बहराइच हाईवे पर यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह प्रभावित हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त रोडवेज बस और ईको वैन को क्रेन की सहायता से सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात को सुचारु रूप से चालू कराया गया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना तेज रफ्तार और आमने-सामने की टक्कर का परिणाम मानी जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के संबंध में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है। लोगों का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

# पुलिस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला छीना

**नीट यूजी धांधली पर यूथ ब्रिगेड का प्रदर्शन, छात्रों की आवाज दबाने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,समाजवादी पार्टी की मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकताओं ने शाम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष शाहजाद अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रतीकात्मक पुतला लेकर डीएम कार्यालय की ओर मार्च कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने रास्ते में ही पुतला अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह, नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्र सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।प्रदर्शन नीट यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक और धांधली के विरोध में किया गया। कलेक्ट्रेट के पास एकत्र हुए कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष शाहजाद अहमद ने आरोप लगाया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और विपक्षी नेताओं की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह समेत कई नेताओं और छात्रों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सपा सांसद डिंपल यादव को सोनम वांगचुक के समर्थन में दिल्ली में हिरासत में लिया गया था।शाहजाद अहमद ने कहा कि यदि छात्रों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो देशभर के युवा बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर युवाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाया। सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन ने भी प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

# 3 घंटे चला ट्रैफिक अभियान

**543 वाहनों की जांच, 35 के चालान; 2.92 लाख का जुर्माना**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए रात विशेष अभियान चलाया गया। रात 8 बजे से 11 बजे तक चले अभियान में 543 वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले 35 वाहनों का चालान करते हुए पुलिस ने कुल 2 लाख 92 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया। विशेष अभियान थाना हथिगवां क्षेत्र स्थित कोटिला अख्तियारी टोल प्लाजा पर चलाया गया। यातायात पुलिस और थाना हथिगवां पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान को अंजाम दिया। अभियान का नेतृत्व यातायात उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह और खिदिरपुर चौकी प्रभारी प्रिंस तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। चेकिंग के दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से एल्कोहल जांच भी की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य ड्रंक एंड ड्राइव, प्रेशर हॉर्न, हूटर, मोडिफाइड साइलेंसर और ब्लैक फिल्म जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाना था। सबसे ज्यादा कार्रवाई प्रेशर हॉर्न पर अभियान के दौरान 21 वाहनों में प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न लगे मिले। इन वाहनों पर कुल 2 लाख 10 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। इसके अलावा दो वाहनों में हूटर का अवैध प्रयोग पाए जाने पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। एचएसआरपी, ब्लैक फिल्म और साइलेंसर पर भी जुमार्नाचेकिंग के दौरान 10 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) नहीं मिली, जिस पर 50 हजार रुपये का चालान किया गया।

# सई नदी में डूबे दोनों सगे भाइयों के शव मिले

**प्रतापगढ़ में फुफेरे भाई को बचाने में डूबे थे, एक शव पहले ही बरामद**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ ,सई नदी में डूबे दो सगे भाइयों के शव सुबह बरामद कर लिए गए। स्थानीय गोताखोरों ने करीब छह घंटे तक लगातार चले रेस्क्यू अभियान के बाद दोनों शव नदी से बाहर निकाले। इसके साथ ही इस दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले किशोरों की संख्या तीन हो गई है। तीनों रविवार सुबह नगर कोतवाली क्षेत्र के खीरीबीर पुल के पास सई नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए थे। मृतकों की पहचान अचलपुर निवासी 16 वर्षीय कृष्णा सोनी और 13 वर्षीय अनुराग सोनी के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई थे। इससे पहले रविवार को उनके फुफेरे भाई अमित सोनी (17) का शव स्थानीय गोताखोरों ने बरामद कर लिया था। जांच में पता चला कि तीनों दुकान जाने की बात कहकर रविवार सुबह घर से निकले थे और सईं नदी में नहाने के लिए स्कूटी लेकर पहुंचे थे। पहले स्कूटी धुली और फिर नहाने लगे। तभी अमित डूबने लगा। उसे बचाने दोनों सगे भाई भी नदी में कूद पड़े और तेज बहाव में बह गए। नदी के दूसरे छोर पर मछलियां पकड़ रहे मछुआरों ने तीनों को डूबते हुए अपनी आंखों से देखा था। पुलिस और गोताखोरों को रविवार को तलाश के दौरान नदी में सोने के जेवर से भरी एक पोटली बरामद हुई थी, जिसमें करीब 30 ग्राम सोना था। जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपए थी। एक हजार रुपए नगद भी मिले थे। हालांकि ये पोटली किसकी है, ये अब तक पता नहीं चल सका है। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की है। पुलिस ने लड़के को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्कूटी की तलाशी में करीब 30 ग्राम सोना मिला था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अचलपुर निवासी रामजी सोनी जेवर साफ करने का काम करते हैं।

## संक्षेप

### शहजान हत्याकांड: 25 हजार का इनामी मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ा, भेजा जेल**

बागपत ,शहर कोतवाली पुलिस ने चर्चित शहजान हत्याकांड के मुख्य आरोपी और 25 हजार रुपए के इनामी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे सोमवार शाम चेकिंग अभियान के दौरान दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है, जहां 8 जून को शहजान की हत्या कर दी गई थी।इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी सलमान लगातार फरार था। पीड़ित परिवार का आरोप था कि आरोपियों ने शहजान को घर बुलाकर उसकी हत्या की थी। घटना के बाद से ही परिजन मुख्य आरोपी सलमान की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था।सोमवार शाम चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को सफलता मिली और फरार सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि हत्या के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

### दरोगा पर किसानों से अभद्रता का आरोप

**एसपी कार्यालय पहुंचे किसान, बुजुर्ग से बदसलूकी पर कार्रवाई की मांग**

बागपत, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर सोमवार को करीब 2 बजे पहुंचे सरूरपुर गांव के किसानों ने एक दरोगा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि चौकी पर तैनात दरोगा बेवजह चालान काटता है और बुजुर्ग किसानों से अभद्रता करता है।उन्होंने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने आरोप लगाया कि सरूरपुर चौकी पर तैनात दरोगा खेतों में जाने वाले किसानों को परेशान करता है और खेतों की ओर जाने वाले रास्तों पर भी चालान काट देता है। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के सरूरपुर गांव से जुड़ा है।हाल ही में एक किसान का चालान काटने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, किसान अपने घर से खेत के लिए निकला था, जिसका घर चौकी से मात्र 50 मीटर दूर है।

### सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव का निधन

**शोपियां में ड्यूटी के दौरान बीमारी से निधन**

मेरठ ,सीआरपीएफ हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव का श्रीनगर के शोपियां जिले में बीमारी के कारण निधन हो गया। वह मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव के निवासी थे और सीआरपीएफ की 178 बटालियन में तैनात थे। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र यादव लंबे समय से शुगर और उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार देर शाम जितेंद्र यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव गाजीपुर पहुंचा।

# जनपद में जगह-जगह संपन्न हुआ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

## क्षेत्रीय विधायक को समेत जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में निभाई शिरकत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। आगामी चुनाव को देखते हुए जनपद में जगह-जगह विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं कल हुसैनगंज विधानसभा अंतर्गत सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के गोरी गर्व उपवन महाराणा प्रताप चौक बहेरा चौकी में संकल्प हमारा सशक्त बूथ विजय संगठन स्तरीय बीजेपी बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बांदा जनपद के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व राज्य मंत्री रणवीर प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष अल्लीपुर आलोक सिंह हथगाम मंडल अध्यक्ष गणेश लाल साहू समेत भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ठीक इसी प्रकार जहानाबाद विधानसभा के अमौली रोड स्थित जहानाबाद कस्बे के एक गेस्ट हाउस में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व जिला अध्यक्ष मदन पाण्डेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल आदि सभी जनप्रतिनिधियों ने सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचने की प्राथमिकता बताई वहीं आगामी चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी को विजय हासिल कराने हेतु जनप्रतिनिधियों ने प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के लिए बूथ अध्यक्षों से निवेदन किया वही जनपद के अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गाजीपुर मंडल स्थित पंचायत भवन में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन धूमधाम से आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा बालमुकुंद शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने भी देश की महान धरोहर पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि के प्रतीक चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए वहीं क्षेत्रीय विधायक ने मुख्य अतिथि समेत अन्य समाजसेवियों को प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र आदि भेंटकर सम्मानित किया इस मौके पर आचार्य कमलेश योगी रामकिंकर अवस्थी संजय हाडा सुरेश परमार अभिषेक सैनी समेत भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे

# मानसिक रूप से परेशान शिक्षा मित्र ने खाया जहर हुई मौत

## गृहक्लेश तथा पत्नी से पीड़ित था शिक्षामित्र

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रजीपुर निवासी 40 वर्षीय शिक्षामित्र शिक्षक रामपूजन पुत्र बसंत लाल ने गृह कलह से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उनकी मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिक्षा मित्र की पत्नी काफी दिनों से पति के साथ नहीं रहती थी जिससे वह परेशान रहता था विगत दिवस मंगलवार देर शाम शिक्षामित्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया वहीं कुछ समय पश्चात हालत बिगड़ने लगी जिसे देख परिजनों ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में शिक्षक को भर्ती किया हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात शिक्षामित्र को कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के पश्चात देर रात्रि मंगलवार प्रातः बुधवार को शिक्षक रामपूजन की मौत हो गई यह जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई ग्रामीण एवं परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पत्नी के साथ में ना रहने के कारण शिक्षक मानसिक रूप से परेशान रहता था शिक्षामित्र बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव मदनपुर नौंधीखेड़ा में स्थापित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत था सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



# मछली पकड़ते समय तालाब में डूबा बालक हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुरे जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रारी में कल बुधवार को 10 वर्षीय बालक विवेक पुत्र दिनेश रैदास की मछली पकड़ते समय तालाब में डूब जाने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार बेटा विवेक गांव के ही प्राथमिक विद्यालय प्रथम में कक्षा चार का छात्र था गांव में स्थापित नए तालाब में पहुंच कर मछली पकड़ रहा था वही मछली पकड़ने में बालक विवेक का पैर फिसल तथा वह गहरे पानी में चला गया जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद बेटे विवेक को बाहर निकाला लेकिन बाहर निकालने में देर हो चुकी थी तथा उसकी सांसें थम चुकी थी यह जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं सूचना पाकर पहुंचे थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर शव विच्छेदन गृह रवाना किया जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है पुख्ता जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात ज्ञात होगी



# पुलिस प्रशासन हुआ सक्रिय चंदीपुर घटना की चोरी का हुआ खुलासा

अमन लेखनी समाचार




जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के पश्चात पुलिस प्रशासन ने चोरों पर अंकुश लगाना प्रारंभ कर दिया बिगत दिवस एक चोरी के खुलासे के पश्चात कल पुनः एक बड़ी चोरी का खुलासा थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने किया हाल ही में हुई थाना क्षेत्र के चंदीपुर गांव में चोरी जिसमें मकान के अंदर से सात बकरी बकरा चोरों ने फरार कर दिया था वहीं प्रशासन ने एसओजी टीम की सहायता से संयुक्त टीम बनाकर दो शातिर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया विगत 16 जुलाई की रात हुई चोरी की घटना के पश्चात विवेचना करते हुए थाना प्रभारी ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर एसओजी टीम की सहायता से जहानाबाद के मिजार्पुर मार्ग पर स्थित मोहल्ला अकबरपुर नसीरपुर के एक पुराने खंडहर में छापा मारा वहीं छापेमारी के दौरान मौजूद युवक निसार पुत्र सुबराती निवासी लक्ष्मणपुर थाना राधानगर फतेहपुर तथा दिलशाद पुत्र तुफैल निवासी सिमौर थाना गाजीपुर फतेहपुर को हिरासत में ले लिया गया कड़ी पूछताछ के पश्चात दोनों अभियुक्तों ने चंदीपुर गांव में चोरी की घटना को स्वीकार किया वही अभियुक्तों ने बताया कि चोरी किए गए मवेशी बाजार में बेचने की तैयारी में जुटे थे लेकिन इससे पहले ही प्रशासन ने छापेमारी कर दी थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अनेक स्थानों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं दोनों अपराधिक प्रवृत्ति के युवक हैं गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी ने अपराधिक इतिहास की जांच प्रारंभ की

# घास काटने गए बुजुर्ग की सर्पदंश से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



खागा, फतेहपुर। जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खजुरिहापुर निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग जगजीत को खेत में घास काटते समय जहरीले सर्प ने डस लिया जहां बुजुर्ग की मौत हो गई बुजुर्ग के सुपुत्र मदन गोपाल ने थाना सुल्तानपुर घोष में लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की वही जानकारी देते हुए बताया कि पिता जगजीत बिगत दिवस मंगलवार शाम समय जानवरों के लिए घास लेने खेत गए खेत की मेंड़ में घास साफ करने लगे तभी अचानक मेंड़ में छिपा एक जहरीला सांप जिसने पिता को अपना शिकार बना लिया जहरीले कीड़े के काटने के बाद दर्द से कराहते हुए पिता घर पहुंचे तथा परिजनों को सूचना दी आनन-फानन परिजन बुजुर्ग को नजदीकी अस्पताल ले गए परंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही बुजुर्ग की सांसें थम चुकी थी थाना प्रभारी सुल्तानपुर घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक के सुपुत्र द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है तहरीर के आधार पर मृतक के शव को शव विच्छेदन गृह फतेहपुर भेजा गया है

# नाबालिक बेटी को भगा कर ले गया युवक पिता ने लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद। फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे केंवटरा मोहल्ला निवासी एक 16 वर्षीय नाबालिक युवती को बकेवर थाना क्षेत्र के कपरिया उसर गांव निवासी 20 वर्षीय युवा के विगत 19 जुलाई को अपने प्रेम जाल में फंसाते हुए फरार कर ले गया पीड़ित पिता ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने निजी काम से मजदूरी हेतु बांदा जनपद के एक गांव गया था जहां उसे घटना की सूचना मिली घटना के समय नाबालिक बेटी के साथ घर में एक 6 वर्षीय बेटी तथा 5 वर्षीय बेटा था पीड़ित की पत्नी की मौत भी पूर्व काल में हो चुकी है खाली समय देख युवक ने नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर घटना को अंजाम दे दिया वही जानकारी मिलते ही पीड़ित ने युवक के घर में फोन करके शिकायत की जहां युवक के परिजन भी धमकियां देते हुए लड़ाई झगड़े में आमादा हो गए जिससे आहत होकर पीड़ित ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर जहानाबाद थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज का आरोपी की खोजबीन प्रारंभ की

# आप कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

## कहा- हम सोनम वांगचुग के साथ हैं, जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज की निंदा

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद , सामाजिक कार्यकर्ता और वैज्ञानिक सोनम वांगचुंग के समर्थन में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने गाजियाबाद कलेक्ट्रेट पर हंगाामा किया। जिला अध्यक्ष निमित यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकताओं ने नारेबाजी कर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष निमित्त यादव ने कहा- देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य के लिए जंतर-मंतर में अनशन कर रहे वैज्ञानिक, शिक्षाविद और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में हम लोग एकत्रित हुए हैं।

### सरकार तानाशाही पर उतारू

आप कार्यकताओं ने कहा- दिल्ली में जंतर-मंतर पर जिस तरह लाठीचार्ज अनशनकारियों पर किया जा रहा है। वह कहीं ना कहीं सरकार की तानाशाही को दशार्ता है। प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी ओबीसी प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर छवि यादव ने कहा- सरकार तानाशाही पर उतारू हो गई है।जिससे युवाओं को अपनी बात खाने से भी रोका जा रहा है, जंतर मंतर पर युवाओं के साथ जिस तरह बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया जा रहा है।वह लोकतांत्रिक व्यवस्था का हनन है। आम आदमी पार्टी सरकार की तानाशाही का पुरजोर तरीके से विरोध करती है।

### पार्टी युवाओं के साथ खड़ी

आप कार्यकताओं ने कहा- पार्टी युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग करती है।

आप प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी अधिवक्ता मनोज प्रकाश त्यागी ने बताया- उत्तर प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर आज प्रदेश व्यापी आंदोलन जिला स्तर पर चल रहा है।

इसी क्रम में यूपी के सभी कार्यकर्ता अपने अपने जिला में प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार सोनम वानचुंग का जबरन अनशन तुड़वा सकती है, लेकिन लोकतंत्र की आवाज को नहीं दबा सकती।

यह रहे मौजूद

इस मौके पर गौरव शर्मा, डॉ. ओमकार चौहान, रविश सिसोदिया, एसपी सिसोदिया, अधिवक्ता मनोज त्यागी, शरदेंदु शर्मा, पुष्पलता, शिल्पी सचान, इरफान, मयंक जैन, अधिवक्ता सुरेश कुमार, बसी अहमद, शशांक पंत, हाजी अजीम, राहुल खान, कृष्ण झा, सिराजुद्दीन फारुकी, पुष्पलता, सुमित गुप्ता और सुधांशु त्रिवेदी और अन्य मौजूद रहे।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के जाते ही चली गोलियां

## मेरठ में स्वागत करने आए लोगों पर हमला, पीड़ित बोला- कार से कुचलने की कोशिश की

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा मेरठ पहुंचे। उनका स्वागत करने के लिए करीब 400 भाजपा कार्यकर्ता परतापुर टोल प्लाजा पर इकट्ठा हुए थे।थोड़ी देर रुकने के बाद रोहित मिश्रा का काफिला टोल प्लाजा से आगे बढ़ गया।इसके करीब 10 मिनट बाद कुछ लोग दूसरे पक्ष पर पुरानी रंजिश को लेकर गोलियां चलाने लगे।पुलिस के मुताबिक, दोनों पक्ष पहले से एक-दूसरे को जानते हैं।उनके बीच झगड़ा चल रहा है।ये सभी रोहित मिश्रा के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।इस दौरान एक पक्ष हथियार लेकर पहुंचा था। पहले कार से टक्कर मारने की कोशिश की गई, फिर फायरिंग की गई। पीड़ित श्वेतांक त्यागी की शिकायत पर परतापुर थाने में केस दर्ज किया गया है।घटना दोपहर करीब 1 बजे की है।



### कॉलेज के समय से चल रही है रंजिश

जागृति विहार में रहने वाले श्वेतांक त्यागी ने बताया- मैं अपने दोस्त मनीष ठाकुर के साथ भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने गया था। गंगानगर में रहने वाले राहुल अधाना, प्रवीण शर्मा और अवनीश भी वहां आए थे। मनीष ठाकुर और राहुल अधाना के बीच कॉलेज के समय से झगड़ा चल रहा है। श्वेतांक का आरोप है कि राहुल और उसके साथी हथियार लेकर कार्यक्रम में आए थे।जैसे ही रोहित मिश्रा का जुलूस टोल प्लाजा से आगे निकला, राहुल अधाना, प्रवीण शर्मा और अवनीश ने अपनी गाड़ियों से हमें कुचलने की कोशिश की। इससे हम किसी तरह बच गए।इसके बाद राहुल अधाना और प्रवीण शर्मा गाड़ी से उतरे। उन्होंने पिस्टल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी।लेकिन, उनका निशाना चूक गया और हम लोग बाल-बाल बच गए।

### मेरठ में ही थे मुख्य सचिव और डीजीपी

घटना के समय यूपी के मुख्य सचिव एसपी गोयल और डीजीपी राजीव कृष्ण भी मेरठ में मौजूद थे। फायरिंग से करीब 1 घंटे पहले ही दोनों अधिकारी परतापुर थाना क्षेत्र से होकर कमिश्नर ऑफिस पहुंचे थे। दोनों अफसर वहां कांवड़ यात्रा को लेकर हाई लेवल मीटिंग करने आए थे।एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया मामले की जांच के लिए पुलिस की 4 टीमें लगाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज और मौके के वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# मालिक के 9 लाख लेकर फरार हुआ ड्राइवर

## 12 साल का भरोसा तोड़ा, पुलिस ने 48 घंटे में गिरफ्तार किया

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,आए मालिक की कार से 9 लाख रुपए से भरा बैग चोरी कर ड्राइवर फरार हो गया। हालांकि थाना सेक्टर-20 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।उसके कब्जे से चोरी की पूरी 9 लाख रुपए की नकदी और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया- 18 जुलाई को अलीगढ़ निवासी पीड़ित अपने परिवार के साथ नोएडा के एक मॉल में खरीदारी करने आए थे। इसी दौरान उनका ड्राइवर कपिल कार में रखा 9 लाख रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-20 में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पैसा देखकर लालच आ गयजांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपी को 20 जुलाई को लाल पैथ लैब के सामने स्थित पार्क से गिरफ्तार कर लिया।




# हिंडन किनारे चोटपुर में बाढ़ का खतरा

## घरों तक पहुंचा पानी; 60 हजार मकानों पर संकट, लोग बोले- कोई सुनने वाला नहीं

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,हिंडन नदी के किनारे बसी चोटपुर कॉलोनी में एक बार फिर बाढ़ का खतरा गहराने लगा है।नदी का पानी कॉलोनी की गलियों और कई घरों के बाहर तक पहुंच चुका है।जगह-जगह जलभराव है और लोग गंदे पानी के बीच रहने को मजबूर हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल यही हाल होता है, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं मिला।

### रात में पानी बढ़ गया तो कहां जाएंगे

स्थानीय निवासी राम चरित राय कहते हैं, समस्या ही समस्या है।गलियों से लेकर मकानों तक पानी भर गया है।रात में अगर पानी और बढ़ गया तो हम अपने परिवार को लेकर कहां जाएंगे? प्रशासन का कोई अधिकारी यह देखने तक नहीं आया कि लोग किस हाल में जी रहे हैं।

### काम पर नहीं जाएंगे तो घर कैसे चलेगा

कॉलोनी निवासी कमलेश कहते हैं, जब कमाने नहीं जाएंगे तो राशन-पानी कहां से आएगा? यहां न कोई राहत शिविर बना है और न ही किसी तरह की मदद मिल रही है। नेता सिर्फ वोट मांगने आते हैं, मुसीबत में कोई दिखाई नहीं देता।60 हजार से ज्यादा मकानों पर असर चोटपुर कॉलोनी में करीब 60 हजार से अधिक मकान बताए जाते हैं।हिंडन के किनारे बसे होने के कारण यहां हर मानसून में जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है।इस बार भी कई गलियां पानी में डूबी हैं। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।



# डिलीवरी के बाद महिला की मौत-हंगामा

## परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया, पुलिस बोली-जांच कर रहे

अमन लेखनी समाचार

जेवर ,ग्रेटर नोएडा में एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद उपचार के दौरान महिला की मौत हो जाने पर शाम परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिवार ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।जानकारी के मुताबिक, कुलीपुरा गांव निवासी 28 साल की पूजा को प्रसव पीड़ा होने पर बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां उन्होंने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया, लेकिन इसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई।ग्रेटर नोएडा में एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद उपचार के दौरान शाम परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया।रेफर करने के बाद हुई मौत परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में समय पर सही इलाज नहीं मिलने से पूजा की हालत गंभीर हो गई। बाद में उन्हें दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां विभिन्न अस्पतालों में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।महिला की मौत के बाद परिजनों का आरोप था कि कई दिन बीतने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में सोमवार शाम बड़ी संख्या में परिजन अस्पताल पहुंचे और प्रदर्शन किया। इससे कुछ देर के लिए परिसर में तनाव की स्थिति बन गई।



# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# प्रोटॉन शिक्षक संघ ने बीएसए से की शिष्टाचार भेंट, शिक्षकों की समस्याएं उठाई



अमन लेखनी समाचार

कुशीनगर.. प्रोटॉन शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनिल कुमार सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन की ओर से शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को उनके समक्ष रखा गया। कार्यक्रम में प्रोटॉन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रेखा रामचंद्रन तथा जिलाध्यक्ष नारायण सागर ने बीएसए का माल्यार्पण कर स्वागत किया और शांति एवं ज्ञान के प्रतीक भगवान गौतम बुद्ध का स्मृति चिह्न भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल में मंडल कार्यकारी सदस्य लक्ष्मीकांत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता, जिला सचिव (कार्यानिष्पादन) राजेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मोतीचक महेंद्र कुमार भारती, ब्लॉक सचिव (व्यवस्थापन) वेदप्रकाश, कार्यकारी सदस्य सतीश कुमार कन्नौजिया, शैलेन्द्र कुमार गौतम, यदुवीर यादव, राहुल शास्त्री, गिरीश चंद्र प्रजापति, उपेन्द्र कुमार, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की।

# सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत–प्रतिशत निर्माण कार्य कराये जाये पूर्ण–जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इस दौरान पी0एम0 सूर्य घर योजना की समीक्षा की समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि पी0एम0 सूर्य घर योजना के अन्तर्गत बैंक के माध्यम से सब्सिडी आदि की सुविधा बैंक के माध्यम से सुनिश्चित करायी जाये उन्होने एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि पी0एम0 सूर्य घर योजना को अन्तर्गत जो भी लक्ष्य निर्धारित किये गये है उसका सत प्रतिशत निस्तारण बैंको के माध्यम से सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार से उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक के दौरान उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधूरे निर्माण कार्यो को तीव्र गति से पूर्ण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी श्री हेमन्त कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 एस0के0 राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

खास समाचार

# CEIR पोर्टल और सर्विलांस सेल की बड़ी कामयाबी, चार माह में 417 मोबाइल बरामद कर 1.25 करोड़ रुपये की संपत्ति लौटाई

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में महराजगंज पुलिस की सर्विलांस सेल ने तकनीक आधारित पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए उएकफ (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की मदद से 110 खोए एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, मोबाइल फोन की बरामदगी कटएक नंबर आधारित ट्रैकिंग, तकनीकी विश्लेषण और आधुनिक डिजिटल संसाधनों के माध्यम से की गई। सर्विलांस सेल की सतत निगरानी और तकनीकी दक्षता के कारण विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन खोजकर उनके असली मालिकों तक पहुंचाए गए।

## पिछले चार माह में 417 मोबाइल बरामद

महराजगंज पुलिस की यह उपलब्धि केवल एक दिन तक सीमित नहीं है। पिछले चार महीनों के दौरान सर्विलांस सेल ने कुल 417 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपये बताई गई है, जो तकनीक आधारित पुलिसिंग की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

## मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। लाभार्थियों ने महराजगंज पुलिस, सर्विलांस सेल और पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।

## एसपी ने की यह अपील

पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत उएकफ पोर्टल पर मोबाइल ब्लॉक कराएं तथा निकटतम थाना या सर्विलांस सेल में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जा सके। तकनीक और तत्परता के समन्वय से महराजगंज पुलिस लगातार जनता का विश्वास मजबूत कर रही है और डिजिटल पुलिसिंग की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही

# पुलिस द्वारा 620 मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर किए गए नष्ट, ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों को सख्त चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान जब्त किए गए 620 अवैध उपकरणों का मंगलवार को नियमानुसार विनष्टीकरण किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी यातायात राज सोनकर के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना तथा आम नागरिकों को शांत एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

## हर शनिवार और रविवार चला विशेष अभियान

पुलिस के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 18 अप्रैल 2026 से प्रत्येक शनिवार और रविवार को यातायात पुलिस एवं जनपदीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन वाहनों पर विशेष नजर रखी गई जिनमें अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर लगाए गए थे। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 70 मॉडिफाइड साइलेंसर, 450 प्रेशर हॉर्न और 100 हूटर उतरवाकर जब्त किए। इस प्रकार कुल 620 अवैध उपकरण जब्त किए गए।

## अश्लील और भड़काऊ गाने बजाने वालों पर भी सख्ती

पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जो सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में अश्लील, अभद्र और भड़काऊ गाने बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे थे। ऐसे लोगों को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सामाजिक सौहार्द और सार्वजनिक शांति भंग करने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# योगी सरकार से मिला सहारा तो संजू ने भरी सपनों की उड़ान

**मिलेट्स उत्पाद बनाकर आत्मनिर्भर बनीं रॉबटर्सगंज की संजू।**

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के योगी सरकार के प्रयास ला रहे रंग।**

**समूह से जुड़ी महिलाएं भी कर रही अच्छी आमदनी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की एक सुखद तस्वीर सोनभद्र में सामने आई है। यहां राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी रॉबटर्सगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत सजौर के मजरा मझिगांव चौबे की निवासी 41 वर्षीय संजू कुशवाहा के मिलेट्स (मोटा अनाज) से बनाए उत्पाद (बिस्कुट, नमकीन, लड्डू) बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं, जिससे संजू और उनके स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की भी अच्छ आमदनी हो रही है। संजू ने परिश्रम कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हैं। संजू कुशवाहा वर्ष 2020 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ीं। इसके बाद उन्होंने समय-समय पर एनआरएलएम द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और मिलेट्स आधारित उत्पाद तैयार करने की तकनीक सीखी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद संजू ने दिसंबर 2024 में एनआरएलएम से 20 हजार रुपये का ऋण लिया और छोटे स्तर पर मिलेट्स से कुकीज, बिस्किट और नमकीन बनाने का कार्य शुरू किया। शुरूआती दौर में उत्पादन और विपणन, दोनों में ही चुनौतियां थीं, लेकिन संजू ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया, जिसके कारण स्थानीय बाजार में उनके उत्पादों की मांग बढ़ने लगी। धीरे-धीरे श्रीअन्न (मिलेट्स) से बने उनके उत्पाद लोगों की पसंद बन गए। वर्तमान समय में उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले कुकीज, बिस्किट और नमकीन की मांग लगातार बढ़ रही है। संजू की सफलता से प्रेरित होकर उनके समूह में आठ महिलाएं जुड़ चुकी हैं। ये महिलाएं मिलकर उत्पादन कार्य में सहयोग कर रही हैं और आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। समूह से जुड़ी प्रत्येक महिला औसतन 10 हजार रुपये प्रतिमाह की आय अर्जित कर रही है। वहीं संजू स्वयं हर महीने सारे खर्च निकालने के बाद 20 हजार रुपये से अधिक की कमाई कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और जीवन स्तर भी बेहतर हुआ है।

# डाला मलिन बस्ती पहुंचे सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा– किसी भी कीमत पर नहीं उजड़ने देंगे बस्ती

डाला। सदर विधायक भूपेश चौबे ने डाला स्थित मलिन बस्ती का दौरा कर वहां के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। विधायक ने बस्तीवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और किसी भी परिवार को बेघर नहीं होने दिया जाएगा। भ्रमण के दौरान विधायक ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन द्वारा न्यायालय को गुमराह कर मलिन बस्ती को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई प्रयास हुआ तो उसका लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा बस्ती के एवज में जो जमीन सीमेंट फैक्ट्री को दी जा रही है उसको लेने की बजाय नया बिबाद खड़ा यह कत्तई बर्दाश्त नही किया जाएगा। साथ ही सदर विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ॅयह बस्ती आपकी है और आप सभी यहीं बसे रहेंगे।

# साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाला शाहगंज थाने का मजारिया हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन उ८-श्रन१ के अंतर्गत साइबर अपराधियों, म्यूल अकाउंट, संदिग्ध मोबाइल नंबर, एटीएम कैश आउट, चेक विदड्रॉल एवं अन्य साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान साइबर क्राइम थाना द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए साइबर अपराधों में संलिप्त अभियुक्त बृजेश कुमार पाण्डेय पुत्र मार्कण्डेय पाण्डेय निवासी उसरी थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। थाना करमा क्षेत्र की एक छात्रा द्वारा अपने बैंक खाते के दुरुपयोग के सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना सोनभद्र पर मु0अ0सं0-22/2026, धारा-318(4) बी.एन.एस. एवं 66 आईटी एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के दौरान जांच में प्रकाश में आया कि शिकायतकर्ता के मूल बैंक खाते से लगभग 1.19 करोड़ तथा अन्य बैंक खातों से लगभग 5 करोड़ से अधिक का संदिग्ध लेन-देन किया गया है। जांच में यह भी पाया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खाते से लगभग 2 करोड़ का लेन-देन किया गया है। प्रारम्भिक जांच में ज्ञात हुआ कि उक्त सभी खाते बैंक ऑफ महाराष्ट्र के हैं। इसके अतिरिक्त अन्य बैंकों में भी अभियुक्त द्वारा उपलब्ध कराए गए खातों की जानकारी प्राप्त हुई है, जिनकी विस्तृत जांच की जा रही है। साइबर क्राइम थाना सोनभद्र द्वारा की गयी जांच में अभियुक्त बृजेश कुमार पाण्डेय की साइबर अपराधियों से संलिप्तता प्रकाश में आयी गिरफ्तार अभियुक्त थाना शाहगंज का मजारिया हिस्ट्रीशीटर है।

# सिटी म्युचुअल बैंक के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी की 1.31 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कोर्ट के आदेश पर मकान और जमीन जब्त; निवेशकों को अधिक मुनाफे का लालच देकर की थी धोखाधड़ी।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिले में भोले-भाले निवेशकों को अधिक लाभ और भारी मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। माननीय न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी की अपराध से अर्जित लगभग 1.31 करोड़ मूल्य की अचल संपत्ति कुर्क (जब्त) कर ली है। कुर्क की गई संपत्तियों में एक आलीशान मकान और दो भूखंड शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय की निगरानी तथा प्रभारी निरीक्षक अनपरा प्रणय प्रसून श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई।

## 'सिटी म्युचुअल बैंक' के नाम पर लोगों से की करोड़ों की ठगी

पुलिस के अनुसार आरोपी भागीरथी मौर्या पुत्र रमापति मौर्या, निवासी मुँहकुचवां राजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद मीरजापुर (वर्तमान पता- पद्ममिनी होटल के पास, मुर्धवा रेनुकूट, थाना पिपरी, सोनभद्र) ने ॅसिटी म्युचुअल बैंकॅ नाम से कंपनी संचालित कर क्षेत्र के लोगों को अधिक मुनाफा और आकर्षक रिटर्न का लालच दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई कंपनी में निवेश कर दी। निवेश की अवधि पूरी होने के बाद भी आरोपी ने निवेशकों की धनराशि वापस नहीं की। शिकायत मिलने पर थाना अनपरा में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

## जांच में सामने आई अपराध से अर्जित संपत्ति

विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने धोखाधड़ी से अर्जित धनराशि से सोनभद्र में जमीन और मकान खरीदे थे। इसके बाद थाना अनपरा पुलिस ने बीएनएसएस की धारा-107 के तहत संपत्ति कुर्क कराने के लिए अपर सिविल जज (सीडी/एसीजेएम) सोनभद्र की अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया। माननीय न्यायालय ने मुकदमा संख्या-767/26 राज्य बनाम भागीरथी मौर्या में 15 जुलाई 2026 को कुर्की का आदेश जारी किया। आदेश के अनुपालन में उपजिलाधिकारी दुद्धी रवि पासवान और क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में संपत्तियों को जब्त कर लिया गया। कुर्क की गई संपत्तियां पुलिस द्वारा जिन संपत्तियों को कुर्क किया गया उनमें–

आराजी संख्या-557ग, रकबा 0.0195 हेक्टेयर, मुर्धवा (दुद्धी)-अनुमानित मूल्य 17.55 लाख

उसी भूमि पर निर्मित मकान-अनुमानित मूल्य 1,09,60,276.71

आराजी संख्या-97क, रकबा 0.273 हेक्टेयर, मौजा कटौधी (दुद्धी)-अनुमानित मूल्य 4.10 लाख

इन सभी संपत्तियों का कुल अनुमानित मूल्य 1,31,25,276 (लगभग 1.31 करोड़) है।

# पीएम-राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**, गोल्डन आवर में कैशलेस उपचार पर दिया गया प्रशिक्षण**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में पीएम-राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रेम नाथ, क्षेत्राधिकारी परिवहन राज सोनकर, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुमन कुमार, प्रभारी निरीक्षक यातायात नरेन्द्र कुमार सिंह, विभिन्न थानों के उपनिरीक्षक, एनआईसी के डीआरएम मो. सैफ, चिन्हित निजी चिकित्सालयों के कम्प्यूटर ऑपरेटर तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि पीएम-राहत योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों एवं शहरी क्षेत्रों में होने वाली सभी प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर के दौरान त्वरित एवं कैशलेस उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि समय पर उपचार मिलने से अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। क्षेत्राधिकारी परिवहन राज सोनकर ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना के बाद का पहला घंटा सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसी अवधि में पीड़ित को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है, जिससे योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंच सके। कार्यशाला के दौरान चिन्हित निजी अस्पतालों के कम्प्यूटर ऑपरेटरों को टीएमएस (ळटर) पोर्टल एवं ई-डार (ी-ऊअफ) पोर्टल के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। साथ ही आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली के अंतर्गत 112 हेल्पलाइन के माध्यम से एम्बुलेंस एवं त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला का समापन किया गया।

# शिवम सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व छात्र नीतीश कुमार ने NEET-UG 2026 में पाई शानदार सफलता

अमन लेखनी समाचार



घुघली, महराजगंज। क्षेत्र के होनहार छात्र नीतीश कुमार ने देश की प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 9226 तथा कैटेगरी रैंक 4067 प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय एवं जनपद महराजगंज का नाम गौरवान्वित किया है। नीतीश कुमार, श्री राम समुझ चौधरी एवं श्रीमती दुर्गावती देवी के सुपुत्र हैं। वे ग्रामझमुंडेरा कला, पोस्टझबौलिया राजा, जनपद महराजगंज के निवासी हैं। उन्होंने वर्ष 2020 में शिवम्‌सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज, पोखरभिंडाझपटखौली, घुघली, महराजगंज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। अपनी लगन, अनुशासन, कठिन परिश्रम एवं एकनिष्ठ तैयारी के बल पर उन्होंने यह महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है तथा यह सिद्ध किया है कि दृढ़ संकल्प और सतत प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर शिवम्‌ सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं वर्तमान छात्रों ने नीतीश कुमार को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'द बैटमैन पार्ट 2' से पैटिनसन का फर्स्ट लुक आया सामने, रिलीज डेट का भी हुआ ऐलान



डायरेक्टर मैट रीव्स ने 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक शेयर किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। जानिए कब सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म। 'द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक सामने आ गया है। मैट रीव्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक छोटा सा टीजर शेयर किया है। टीजर में रॉबर्ट पैटिनसन बैटमैन के लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत दमदार म्यूजिक से होती है। इसमें बैटमैन की पीठ दिखाई देती है और उनके आसपास बारिश हो रही होती है।

वीडियो में पीछे पुलिस की गाड़ी की फ्लैशिंग लाइट्स भी नजर आती हैं। धीरे-धीरे बैटमैन कैमरे की तरफ मुड़ते हैं। आखिर में वह सीधे आगे देखते हैं और फिर फिल्म का लोगो और नई रिलीज डेट सामने आती है। इससे पहले इस फिल्म को 1 अक्टूबर 2027 को रिलीज किया जाना था।

रॉबर्ट पैटिनसन ने हाल ही में 'द बैटमैन पार्ट 2' के बारे में बात करते हुए इसके स्क्रिप्ट की जमकर तारीफ की। 'द ड्रामा' के प्रीमियर के दौरान उन्होंने कहा, 'इस फिल्म की स्क्रिप्ट शानदार है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही खास और अलग तरह की फिल्म होगी।'

उन्होंने यह भी बताया कि यह फिल्म 2022 में आई 'द बैटमैन' से काफी अलग दिशा में जाएगी। उन्होंने कहा, 'यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म कैसी बनती है। इसमें कुछ बड़े और नए एक्सपेरिमेंट किए जा रहे हैं।'

वहीं, ओसवाल्ड 'ओज' कॉब का किरदार निभाने वाले कॉलिन फैरेल ने भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्क्रिप्ट को लेकर मैट से काफी बात की है।

## टॉलीवुड

### राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर ममूटी ने बेटे दुलकर से पूछा सवाल




दुलकर सलमान ने अपने पिता ममूटी को राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। इस पर उनके पिता ने उनसे सवाल पूछा है। मलयालम सिनेमा के दिग्गज कलाकार ममूटी को फिल्म 'ब्रमायुगम' में उनकी शानदार अदाकारी के लिए 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। इस सम्मान के साथ ममूटी ने अपना चौथा राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। इससे भारतीय सिनेमा में उनका कद और बड़ा हो गया है। विजेता के तौर पर उनका नाम घोषित होने पर उनके बेटे और अभिनेता दुलकर सलमान ने उन्हें बधाई दी। इस पर ममूटी ने उनसे एक सवाल पूछा है। दुलकर सलमान ने अपने पिता ममूटी को पुरस्कार दिए जाने पर खुशी जताई। उन्होंने इंस्टाग्राम पर उनकी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा 'एक और पुरस्कार? वाह पापा! यह आपका चौथा पुरस्कार है।!' इसके बाद उन्होंने मजाक में दोनों के बीच की बातचीत की कल्पना की और लिखा कि उनके पिता ने उनसे पूछा 'तुमने कितने पुरस्कार जीते? खैर कोई बात नहीं। कोई दबाव भी नहीं। तुम बस अपना काम करते रहो।' इस बीच मलयालम के सुपरस्टार मोहनलाल ने भी ममूटी को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं दिग्गज कलाकार कमल हासन ने भी ममूटी को पुरस्कार मिलने पर बधाई दी।

आपको बता दें कि राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'ब्रमायुगम' एक लोक-कथा वाली हॉरर फिल्म है। यह फिल्म ब्लैक एंड व्हाइट में शूट की गई है। इसमें ममूटी ने कोडुमोन पोटी का किरदार निभाया है। वह एक रहस्यमयी सामंती मालिक हैं, जिनकी डरावनी हवेली एक रोमांचक मनोवैज्ञानिक लड़ाई का केंद्र बनती है। खतरनाक पोटी के तौर पर ममूटी की अदाकारी की तारीफ हुई है।

## भोजपुरी

### धनाश्री ने अक्षरा संग किया गजब डांस, लोग बोले- दोनों तबाही



युजवेंद्र चहल की एक्स वाइफ धनाश्री वर्मा और भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह के डांस ने सोशल मीडिया पर गदर काट रखी है। दोनों को इस तरह साथ डांस करते देख लोगों ने कहा है- तबाही परफॉर्मेंस, एक यूजर ने लिखा- फायर हैं ये दोनों। डांस कोरियोग्राफर धनाश्री वर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं। हालांकि इस बार वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर नहीं, बल्कि उनके नया डांस वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। भोजपुरी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के साथ उन्होंने सुपरहिट गाने 'छम्मा-छम्मा' पर शानदार डांस किया है। दोनों की एनर्जी, एक्सप्रेशन और बेहतरीन तालमेल ने सोशल मीडिया यूजर्स का दिल जीत लिया है। यही वजह है कि यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं। अक्षरा सिंह इन दिनों अपने करियर में लगातार आगे बढ़ रही हैं। हाल ही में 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षरा अक्षय कुमार के साथ डांस करती नजर आईं। इसी बीच धनाश्री वर्मा के साथ उनका यह डांस वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों एक जैसे आउटफिट में दिखाई दे रही हैं। उनके स्टेप्स और शानदार परफॉर्मेंस ने वीडियो को और भी खास बना दिया है। वीडियो शेयर करते हुए धनाश्री वर्मा ने लिखा कि कुछ गाने ऐसे होते हैं, जिनकी पॉप्युलैरिटी कभी कम नहीं होती और वक्त के साथ उनकी यादें और भी खास बन जाती हैं। उन्होंने इस पोस्ट में उर्मिला मातोंडकर को टैग करते हुए उनके आइकॉनिक डांस की तारीफ भी की।

लाइफ स्टाइल

## भारतीय प्रिंट का जलवा

भारत बेहतरीन टेक्सटाइल और हैंडलूम विरासत वाला देश है। जयपुर के ब्लॉक प्रिंट बारीकी और परंपरा की पहचान हैं। हर प्रिंट का अपना खास महत्व होता है। इनमें आम तौर पर इंसानी आकृतियाँ, मोर, ऊँट और गाँव के दृश्य जैसे डिजाइन होते हैं। इस तकनीक की क्रिएटिविटी ही है जो सभी महिलाओं को अपनी ओर खींचती है।



## बालों की हर परेशानी होगी खत्म होगी इन दो मास्क से



लगातार बढ़ते प्रदूषण और खराब खान-पान का सीधा असर लोगों के बालों पर दिखने लगा है। इनकी वजह से हर दूसरा व्यक्ति बालों के रूखेपन, तेज हेयर फॉल, डैंड्रफ और दोमुंहे बालों से परेशान रहने लगा है। आज के समय में तो ये सब आजकल आम समस्याएं बन चुकी हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट आपको फायदा पहुंचाएंगे, लेकिन केमिकल से भरपूर प्रोडक्ट्स से ज्यादा असर नहीं होता, उल्टा नुकसान हो सकता है। ऐसे में अगर आप घरेलू प्राकृतिक हेयर पैक ट्राई करना चाहते हैं तो ये लेख आपके लिए सबसे सही है। दरअसल, इन दो हेयर मास्क से बालों की कई दिक्कतें चुटकियों में दूर हो सकती हैं।

### पहला हेयर मास्क

पहले हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच दही, 1 चम्मच मेथी पाउडर या रातभर भीगी हुई मेथी और 1 चम्मच नींबू का रस चाहिए होगा।

### हेयर मास्क बनाने का तरीका

अब अगर ये तैयार करना चाहते हैं तो सबसे पहले तो सभी सामग्री को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने बालों के सिरों से लेकर स्कैल्प पर अप्लाई करें। अब इसे कम से कम एक घंटे तक लगा रहने दें। 30—40 मिनट बाद माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे आपके बालों को अवश्य ही फायदा होगा। डैंड्रफ कम करता है बालों का झड़ना रोकता है स्कैल्प को ठंडक मिलती है

### दूसरा हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच एलोवेरा जेल, 1 चम्मच आंवला पाउडर और 1 चम्मच नारियल तेल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो सभी सामग्री मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इब इस पेस्ट को अपने बालों की जड़ों में अच्छी तरह लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करें। इसे आप कम से कम एक घंटे तक ऐसे ही रख सकते हैं। एक घंटे के बाद जब आप अपने बालों को धोएंगे तो इसका असर देखने को मिलेगा। मिलेंगे ये फायदे बालों की ग्रोथ तेज होती है बालों में नैचुरल चमक आती है झड़ने से रोकता है और मोटा बनाता है।

## ब्लू स्किन केयर ट्रेंड को आजमा कर देखिए







समय के साथ-साथ स्किन केयर के नये-नये ट्रेंड बाजार में आते रहते हैं। आज-कल ब्लू स्किन केयर ट्रेंड में है, जिसके बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। आजकल ब्यूटी और स्किन केयर इंडस्ट्री में एक नया और तेजी से पॉपुलर हो रहा ट्रेंड है, जिसका नाम है ब्लू स्किन केयर। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े हैशटैग्स ट्रेंड कर रहे हैं। ऐसे में हर किसी के जहन में ये सवाल आना बेहद स्वाभाविक है कि आखिर क्या है ये ब्लू स्किनकेयर? और क्यों इसे स्किनकेयर की दुनिया का अगला बड़ा ट्रेंड माना जा रहा है? यहां इस लेख में हम आपको इसी बारे में जानकारी देंगे। इस स्किन केयर को फॉलो करके आप भी गर्मी और बारिश के मौसम में दमकती त्वचा पा सकते हैं।

### क्या होता है ब्लू स्किन केयर ?

सबसे पहले जान लेते हैं कि आखिर ब्लू स्किन केयर होता क्या है ? तो पहले जान लें कि ब्लू स्किन केयर में ब्लू टेंशन रिलीविंग, कूलिंग या हीलिंग तत्व पाए जाते हैं। इनका रंग सामान्य तौर पर हल्का नीला या फिर पारदर्शी नीला होता है। ये गर्मी और बारिश के मौसम में सबसे काम आता है, क्योंकि ये स्किन को हाइड्रेट रखने का काम करता है।


### ब्लू स्किन केयर में पाए जाने वाले तत्व

इस स्किन केयर में जो भी प्रोडक्ट्स पाए जाते हैं, उनमें मुख्यतः समुद्री तत्व पाए जाते हैं। इन तत्वों में ब्लू टैंसी ऑयल, ब्लू एजुलीन, सी वीड, नीलोत्पल और ब्लू कैमोमाइल शामिल हैं।

### ब्लू स्किनकेयर किसके लिए है?

जिन लोगों की त्वचा सेंसिटिव, डिहाइड्रेटेड या इनफ्लेम्ड है, उनके लिए ये स्किन केयर कम आएगा। इसके अलावा जो लोग प्राकृतिक और कूलिंग इफेक्ट वाले स्किन प्रोडक्ट्स की तलाश में हैं। साथ-साथ जिनकी स्किन प्रदूषण और हीट से परेशान रहती है।

## डार्क सर्कल्स कम करने के लिए घर पर बनाएं क्रीम



क्या सही नींद लेने और आराम करने के बाद भी आपके डार्क सर्कल्स बने हुए हैं? क्या डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे का नूर जा चुका है? आपको घर पर बनी ऐसी क्रीम का नुस्खा जानना चाहिए, जिससे आपको जल्द ही फर्क दिखेगा। अब हर बार महंगे अंडर-आई क्रीम्स खरीदना भी पॉकेट पर भारी पड़ सकता है और उनमें मौजूद केमिकल्स कभी-कभी स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। ऐसे में जरूरत है एक ऐसे प्राकृतिक और असरदार उपाय की जो आपकी आंखों को राहत भी दे और त्वचा को पोषण भी। इस लेख में हम बताएंगे कैसे आप अपने घर में ही कुछ साधारण और नेचुरल चीजों से एक बेहतरीन होममेड अंडर-आई क्रीम बना सकती हैं, जो कुछ ही दिनों में डार्क सर्कल्स को कम कर त्वचा को निखार और तरोताजगी देगी। आइए आप भी जान लीजिए घर पर आई-क्रीम बनाने का तरीका क्या है?

### डार्क सर्कल्स के पीछे की वजहें

डार्क सर्कल्स केवल थकान की निशानी नहीं हैं। इनके पीछे कई कारण हो सकते हैं जैसे नींद की कमी या खराब नींद,आंखों को बार-बार रगड़ना,एलर्जी या आंखों में जलन,आनुवंशिक कारण,धूप के संपर्क में आकर पिग्मेंटेशन बढ़ना और खानपान में पोषक तत्वों की कमी शामिल है।

### घर पर बनाएं अंडर-आई क्रीम

इस होममेड क्रीम को बनाने में कुछ खास सामग्री की जरूरत होगी, जो आपको आसानी से आपकी रसोई या किराना स्टोर में मिल जाएंगी।

## ऑफिस के लिए हर तरह के आउटफिट के साथ खास इयररिंग

अगर आप ऑफिस में एक जैसे इयररिंग पहनकर जाती हैं और अब कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो आपको कुछ ऐसे पर्ल इयररिंग्स डिजाइन के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें ट्राई कर आप बला की खूबसूरत लग सकती हैं।

### पर्ल गोल्ड डेंगल इयररिंग

अगर आप ऑफिस में एक जैसे इयररिंग पहनकर जाती हैं और अब कुछ यूनिक ट्राई करने का सोच रही है, तो आप किसी भी आउटफिट के साथ इस खूबसूरत पर्ल गोल्ड डेंगल इयररिंग को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग आपको गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगे। आप इन्हें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### रूबी गोल्ड पर्ल डेंगल इयररिंग

अगर आप अपने ऑफिस में किसी भी तरह के आउटफिट को पहनकर जाने वाली है, तो अपने लुक को क्लासी टच देने के लिए आप इस खूबसूरत रूबी गोल्ड पर्ल डेंगल इयररिंग को ट्राई कर सकती है। इस तरह के इयररिंग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं। इन्हें पहनकर आप अपने लुक को भीड़ से हटकर बना सकती हैं।



### गोल्ड पर्ल हूप इयररिंग्स

यही नहीं आप चाहे तो इस खूबसूरत गोल्ड पर्ल हूप इयररिंग्स को भी ट्राई कर सकती है। इस तरह की इयररिंग आपके चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और आपको डिफरेंट लुक देने में मदद करेंगे। आप इन्हें किसी भी आउटफिट के साथ शामिल कर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं। आपको ऐसे पर्ल हूप इयररिंग डिजाइन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

कार्नर न्यूज

अपने लुक को गॉर्जियस बनाने अपनाएं इन आउटफिट को

## प्लस-साइज लड़कियों के लिए बेस्ट आउटफिट आइडियाज, काले रंग में दिखें स्लिम और स्टाइलिश

आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लैक कलर के आउटफिट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप स्लिम दिख सकती हैं साथ ही अपने लुक को गॉर्जियस भी बना सकती हैं। अधिकतर महिलाएं अपने बढ़ते शरीर की वजह से अपने पसंदीदा आउटफिट नहीं पहन पाती है और इससे वह हमेशा उदास रहती हैं, लेकिन अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे ब्लैक कलर के आउटफिट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप स्लिम दिख सकती हैं साथ ही अपने लुक को गॉर्जियस भी बना सकती हैं।

### ब्लैक फ्लेयर्ड प्लस साइज ड्रेस

अगर आपकी सोसाइटी में किटी पार्टी का प्लान है या आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने वाली है और ऐसे में आउटफिट को लेकर परेशान है, तो आपके लिए यह खूबसूरत ब्लैक फ्लेयर्ड प्लस साइज ड्रेस एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। ऐसी ड्रेस आपको हर साइज में मिल जाएगी। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी।



### हेल्टर नेक एंब्रायडरी प्लस साइज ड्रेस

अगर आपका वजन ज्यादा है और ऐसे में आप पहनने के लिए आउटफिट सिलेक्ट नहीं कर पाती है या प्लस साइज आउटफिट को खोजने में मुश्किलों का सामना करती है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप इस खूबसूरत हेल्टर नेक एंब्रायडरी प्लस साइज ड्रेस को ट्राई कर सकती है। इस ड्रेस के साथ आप ब्लैक कलर की हिल्स या शूज भी शामिल कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती ह

### टायर्ड प्लस साइज ड्रेस

अगर आप अपने ऑफिस में डिफरेंट लुक क्रिएट कर जाना चाहती हैं और ऐसे में आउटफिट तलाश रही है, तो आपके लिए यह ब्लैक टायर्ड प्लस साइज ड्रेस एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इस तरह की ड्रेस भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकती है। इसे आप अपनी साइज के हिसाब से खरीद सकती हैं। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए इस ड्रेस के साथ आप एक्सेसरीज और मेकअप कर सकती हैं।

### ब्लैक फ्लोरल प्लस साइज मैक्सी ड्रेस

अगर आप प्लस साइज वूमेन के हिसाब से कोई खास ड्रेस तलाश रही है, तो अब आप इस खूबसूरत ब्लैक फ्लोरल प्लस साइज मैक्सी ड्रेस को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में आप अपने फिगर को गॉर्जियस बना सकती है और मोटापे को छुपा सकती है। ऐसी ड्रेस आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी।

